
हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

in BCN NEWS DIGITAL 24X7 www.inbcn.in

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, गुरुवार, 25 सितंबर 2025 | अंक 341/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?

डायबेटीज चेकअप करके

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# पहलगाम हमले में बड़ी सफलता

## आतंकियों की मदद करने वाला मोहम्मद कटारिया गिरफ्तार



**जम्मू.** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों की मदद करने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इस शख्स की पहचान दक्षिण कश्मीर के मो. यूसुफ कटारिया के रूप में की गई है, जिसने 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों की मदद की थी.

श्रीनगर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और फिर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. मोहम्मद यूसुफ कटारिया लश्कर-ए-तैयबा (टीआरएफ) का आतंकी है, जिस पर बैसरन की घाटी में 26 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों की सहायता पहुंचाने का आरोप है. पुलिस ने बताया, "ऑपरेशन महादेव के दौरान बरामद हथियारों और अन्य सामानों का विश्लेषण के बाद यह गिरफ्तारी की गई है. हमारी जांच में ये पुष्टि हुई है कि आतंकवादियों की आवाजाही में मदद और सुविधा प्रदान करने में कटारिया की अहम भूमिका थी." अधिकारियों ने इस घटनाक्रम को दक्षिण कश्मीर में आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता बताया।

कटारिया के सहयोगियों की पहचान करने और लश्कर-ए-तैयबा (टीआरएफ) से जुड़े नेटवर्क को तबाह करने के लिए आगे की जांच जारी है.

पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल को कमजोर करने और जम्मू-कश्मीर में शांति सुनिश्चित करने के लिए अभियान तेज करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. मोहम्मद यूसुफ कटारिया पहलगाम में संविदा पर काम करता था और स्थानीय बच्चों को पढ़ाता था. कुछ महीने पहले ही वह आतंकियों के संपर्क में आया और उनकी मदद करने लगा.

### ऑपरेशन महादेव के तहत मारे गए आतंकी

पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने धर्म पूछकर 26 पर्यटकों की जान ले ली. पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन टीआरएफ ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी. इस आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारती ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकवादियों की मौत हुई. इसके बाद 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव के तहत सेना ने इस हमले में शामिल लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया.

78 दिन का वेतन बोनस के रूप में मिलेगा

# रेलवे कर्मचारियों को दिवाली बोनस का ऐलान



**नई दिल्ली.** रेलवे कर्मचारियों के लिए सरकार ने बड़ी सौगात दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार ने 1,866 करोड़ रुपये के प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस को हरी झंडी दे दी है. यह फैसला बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया है. इस बोनस की राशि 78 दिनों के वेतन के बराबर होगी, जिसे देशभर के लगभग 10.90 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस बार का बोनस कर्मचारियों को उनके मेहनत और उत्पादकता के आधार पर दिया जाएगा.

इससे कर्मचारियों को नकद लाभ मिलेगा, जो त्योहारों के दौरान उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करेगा. सरकार के बयान के मुताबिक, यह बोनस करीब 10.90 लाख रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा. यह बोनस उन सभी रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा जो विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं. इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, टेक्नीशियन, टेक्नीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अन्य ग्रुप सी और डी कर्मचारी शामिल हैं.

इस साल कर्मचारियों को अधिकतम 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस मिलेगा, जिसकी ऊपरी सीमा प्रति कर्मचारी 17,951 तय की गई है. यह बोनस ऐसे समय पर मंजूर किया गया है जब देश में त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है और खुदरा व्यापारियों को भी हाल ही में कई वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती के कारण अच्छी बिक्री की उम्मीद है.

ऐसे में रेलवे कर्मचारियों को यह बोनस आर्थिक रूप से मजबूती देगा. रेलवे के कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। आज कैबिनेट में माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस अप्रूव किया। 78 दिन का 1,866 करोड़ का बोनस रेलवे कर्मचारियों को दिया जाएगा। हालांकि यह बोनस कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है, लेकिन रेलवे कर्मचारियों के संघ अभी भी कुछ मांगों को लेकर सरकार से चर्चा कर रहे हैं.

# 6 वरिष्ठ नक्सलियों ने महाराष्ट्र पुलिस महासंचालक के समक्ष किया आत्मसमर्पण

भिमन्ना उर्फ सुखलाल उर्फ व्यंकटेश मुत्तय्या कुळमेथे और उसकी पत्नी विमलक्का सडमेक सहित एक कमांडर, दो पीपीसीएम और एक एसीएम पदस्थ कुल 6 ने आत्मसमर्पण किया।



**गड़चिरोली.** गड़चिरोली पुलिस और CRPF के संयुक्त प्रयासों से 2025 में अब तक कुल 40 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सल विरोधी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) और अपर पुलिस अधीक्षक अहेरी, तथा C-60 अधिकारी और जवानों का सम्मान किया गया। मान्यवरों के हस्ते नक्सली प्रभावित परिवारों को धनादेश वितरित किया गया। अति-संवेदनशील नई पोस्टे कवंडे का दौरा कर पुलिस महासंचालक ने जवानों से संवाद किया। महाराष्ट्र राज्य की पुलिस महासंचालक श्रीमती रश्मि शुक्ला एवं अपर पुलिस महासंचालक (विशेष कार्रवाई) डॉ. छेरिंग दोरजे ने गड़चिरोली जिले का दौरा 24/09/2025 को किया। 2005 से घोषित आत्मसमर्पण योजना और हिंसा से तंग वरिष्ठ नक्सलियों के कारण अब तक 716 नक्सलियों ने गड़चिरोली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। आज आत्मसमर्पण करने वाले वरिष्ठ नक्सलियों की जानकारी: 1. भिमन्ना उर्फ सुखलाल उर्फ व्यंकटेश मुत्तय्या कुळमेथे (DVCM, उत्तर बस्तर डिविजन मास टीम) – आयु 58 वर्ष, रा. करंचा, ता. अहेरी, जि. गड़चिरोली। 2. विमलक्का उर्फ शंकरअक्का विस्तारय्या सडमेक (DVCM, माड डिविजन, DK प्रेस टीम इंचार्ज) – आयु 56 वर्ष, रा. मांड्रा, ता. अहेरी, जि. गड़चिरोली। 3. कविता उर्फ शांती मंगरु मज्जी (कमांडर, पश्चिम ब्यूरो टेलर टीम) – आयु 34 वर्ष, रा. पडतानपल्ली, ता. भामरागड, जि. गड़चिरोली। 4. नागेश उर्फ आयताल गुड्डी मडवी (PPCM, कंपनी क्र.10) – आयु 39 वर्ष, रा. पामरा, ता. भैरामगड, जि. बीजापुर (छ.ग.). 5. समीर आयतू पोटाम (PPCM, दक्षिण ब्यूरो टेक्निकल टीम) – आयु 24 वर्ष, रा. पुसणार, ता. गंगालूर, जि. बीजापुर (छ.ग.). 6. नवाता उर्फ रुपी उर्फ सुरेखा चैतू मडवी (ACM, अहेरी दलम) – आयु 28 वर्ष, रा. नैनेर, ता. अहेरी, जि. गड़चिरोली। इस वर्ष 01 जनवरी 2025 को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमिटी की सदस्य तारक्का सिडाम सहित 11 नक्सलियों और 06 जून 2025 को DVCM सपनाक्का बुचय्या चौधरी सहित 12 नक्सलियों ने मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री महाराष्ट्र राज्य के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। इससे गड़चिरोली और पूरे दंडकारण्य क्षेत्र की नक्सली गतिविधियों को बड़ा झटका लगा है।

# एक्स को झटका, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका



**नई दिल्ली.** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) को कर्नाटक हाई कोर्ट से झटका लगा है. केंद्र सरकार के टेकडाउन ऑर्डर को चुनौती देने वाली एक्स की याचिका को कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दिया. कोर्ट ने दो टूक कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भारत में काम करने के लिए यहां कानूनों का पालन करना ही होगा. केंद्र सरकार ने बीते दिनों एक्स को कुछ अकाउंट्स और पोस्ट ब्लॉक करने का निर्देश दिए थे, लेकिन एलन मस्क कंपनी ने इसे चुनौती देते हुए कर्नाटक हाई कोर्ट का रुख किया था. एक्स की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि वह अमेरिकी कानूनों के तहत काम करता है और उसे अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार है. उसने कहा कि इसी वजह से भारत सरकार के टेकडाउन आदेशों का पालन करने की जरूरत नहीं है. इसके जवाब में सरकार की तरफ से कहा गया कि अनुच्छेद 19(2) केवल भारतीय नागरिकों के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है न कि विदेशी कंपनियों या गैर-नागरिकों को.

# बिशुनपुर के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

**रांची.** झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का अभियान जारी है. केंद्र सरकार ने नक्सवाद के खात्मे का ऐलान किया है. राज्य के गुमला जिले में स्थानीय पुलिस और जेजेएमपी के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई. इस एनकाउंटर में तीन नक्सली ढेर कर दिए गए हैं. मुठभेड़ आज सुबह जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र के केचकी जंगल में हुई.

मारे गए नक्सलियों की पहचान लोहरदगा के सेनहा के रहने वाले लालू लोहरा व सुजीत उरांव और लातेहार के होशिर का रहने वाला छोटू उरांव के रूप में हुई है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुमला एसपी हरिश बिन जमा को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी संगठन के कुछ नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बिशनपुर इलाके में जमा हुए हैं. सूचना के बाद झारखंड जगुआर और गुमला जिला बल की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया. गठित टीम ने इलाके में सर्च अभियान चलाया.

# लद्दाख में हिंसा, 4 की मौत, 72 घायल

## लेह में बिना अनुमति जुलूस, रैली, मार्च पर बैन, राज्य का दर्जा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने लेह में भाजपा कार्यालय जलाया, सभी तरह के प्रदर्शन पर रोक, केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश

**लद्दाख.**



लेह-लद्दाख में प्रदर्शनकारियों का विरोध प्रदर्शन बुधवार को हिंसक हो गया. सड़क पर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी ऑफिस पर भी हमला किया. इस दौरान उन्होंने जमकर पत्थरबाजी की और पुलिस वाहन को भी आग के हवाले कर दिया. जानकारी के मुताबिक, प्रदर्शनकारी राज्य का दर्जा और लद्दाख के संवैधानिक अधिकारियों की बहाली की मांग को लेकर जुटे थे. स्थिति को बिगड़ता देख स्थानीय पुलिस ने प्रदर्शन की जगह पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी है. अभी स्थिति नियंत्रण में है. आपको बता दें कि बीते कुछ समय से इस तरह की कोई यह पहली झड़प नहीं. बुधवार को स्थानीय लोगों ने अपनी मांगों को लेकर लद्दाख बंद का भी आह्वान किया है. हालांकि केंद्र सरकार ने लद्दाख के लोगों की मांगों पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए 6 अक्टूबर को लद्दाख के प्रतिनिधियों के साथ बैठक बुलाई है. आज की हड़ताल और झड़पें क्षेत्र में बढ़ते गुस्से और अशांति को दर्शाती हैं. आपको बता दें कि जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले कई दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं.उनके कुछ साथियों को प्रदर्शन के बीच से ही उठाकर अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है. लद्दाख में ये आंदोलन बीते 15 दिनों से चल रहा है. स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब दो महिला प्रदर्शनकारियों को बीमार पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया. जब इन दोनों प्रदर्शनकारियों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया तो सड़क पर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने अफरा-तफरी मच गई. इस घटना से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने लेह हिल काउंसिल की इमारत पर भी पथराव शुरू कर दिया. इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती की गई. प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया कि लेह में पहले से लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा। जिले में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वांगचुक ने अनशन तोड़ा, युवाओं से अपील- हिंसा रोकें हिंसा के बाद सोनम वांगचुक ने कहा, यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं।

### सोशल मीडिया से भीड़ जुटाई

- आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को बुधवार को लद्दाख बंद बुलाने का आह्वान किया था। भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की। इसका असर दिखा और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे।

### पुलिस-प्रदर्शनकारियों की झड़प

- लेह हिल काउंसिल के सामने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा रखे थे। जब आंदोलन कारी आगे बढ़े तो पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, लेकिन भीड़ ने पुलिस की गाड़ी जलाई और तोड़फोड़ की।



# सोनी इंडिया का नया संदेश

## > वीडियोग्राफर बनाएं हर पल को सिनेमा

**नई दिल्ली.**



सोनी इंडिया ने आज 'अब कुछ सिनेमैटिक करते हैं' नामक एक दिल छू लेने वाले नए कैंपेन फिल्म का अनावरण किया।

यह फिल्म भारतीय शादियों के गुमनाम नायकों, यानी स्थानीय फोटो और वीडियो स्टूडियो को समर्पित है, जिन्होंने पूरे भारत में पीढ़ियों से प्रेम कहानियों को कैद किया है। दशकों से, भारत के छोटे शहरों में शादी की वीडियोग्राफी उन्हीं हाथों द्वारा की गई है, जो अक्सर पीढ़ियों तक चलती रही है। इस पारिवारिक स्टूडियो पर बहुत भरोसा किया जाता है, इनकी जड़ें गहरी जमी हुई हैं।

इन स्टूडियो ने एक परिवार के सबसे यादगार पलों को सहेजने के लिए पुराने कैमरों का उपयोग किया है। हालांकि, दुनिया बदल गई है और शादियां भी, इसलिए अब कैमरों को भी बदलने की जरूरत है।

इस कैंपेन के साथ, सोनी सिर्फ उपकरण अपग्रेड करने के लिए नहीं, बल्कि कला को बदलने के लिए एक आमंत्रण दे रहा है। सोनी सिनेमा लाइन का एंट्री-लेवल मॉडल एफएक्स30, बिना ज्यादा लागत के सिनेमैटिक उत्कृष्टता का द्वार खोलता है। कॉम्पैक्ट, शक्तिशाली और पेशेवर फीचर्स से भरपूर, एफएक्स 30 हर स्थानीय स्टूडियो और हर उस सपने देखने वाले के हाथों में फिल्मों का जादू लाता है जिसके पास कैमरा है।

लॉन्च पर, सोनी इंडिया के इमेजिंग बिजनेस के प्रमुख, मुकेश श्रीवास्तव ने कहा: "सोनी इंडिया में, हम हमेशा से मानते रहे हैं कि शादियाँ सिर्फ कार्यक्रम नहीं हैं, वे जीवन में एक बार आने वाली कहानियाँ हैं जिन्हें सिनेमा के समान जादू और भव्यता के साथ बताया जाना चाहिए। वर्षों से, हमने देखा है कि भारतीय शादियाँ कैसे विकसित हुई हैं; आज, जोड़े सिर्फ अपने पलों को रिकॉर्ड नहीं करना चाहते, वे उन्हें एक ऐसी कालातीत फिल्म के रूप में याद रखना चाहते हैं जिसे पीढ़ियों तक महसूस किया जा सके।

'अब कुछ सिनेमैटिक करते हैं' के साथ, हम उन स्टूडियो को सम्मान दे रहे हैं जो दर्शकों के इन यादों के संरक्षक रहे हैं और उन्हें कहानी कहने के एक नए युग को अपनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

यह कैंपेन सिर्फ टेक्नोलॉजी के बारे में नहीं है; यह परंपरा का सम्मान करने, बदलाव को अपनाने और हर प्रेम कहानी को वह सिनेमैटिक अध्याय देने के बारे में है जिसकी वह हकदार है।

# सरकार का तोहफा!

## > रेलवे स्टाफ को मिलेगा दिवाली बोनस

**नई दिल्ली.**

रेलवे कर्मचारियों के लिए सरकार ने बड़ी सौगात दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार ने 1,866 करोड़ रुपये के प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस को हरी झंडी दे दी है. यह फैसला बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया है. इस बोनस की राशि 78 दिनों के वेतन के बराबर होगी, जिसे देशभर के लगभग 10.90 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस बार का बोनस कर्मचारियों को उनके मेहनत और उत्पादकता के आधार पर दिया जाएगा. इससे कर्मचारियों को नकद लाभ मिलेगा, जो त्योहारों के दौरान उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करेगा.

सरकार के बयान के मुताबिक, यह बोनस करीब 10.90 लाख रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा. यह बोनस उन सभी रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा जो विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं. इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, टेक्नीशियन, टेक्नीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अन्य ग्रुप सी और डी कर्मचारी शामिल हैं. इस साल कर्मचारियों को अधिकतम 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस मिलेगा, जिसकी ऊपरी सीमा प्रति कर्मचारी 17,951 रु. तय की गई है. यह बोनस ऐसे समय पर मंजूर किया गया है जब देश में त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है और खुदरा व्यापारियों को भी हाल ही में कई वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती के कारण अच्छी बिक्री की उम्मीद है. ऐसे में रेलवे कर्मचारियों को यह बोनस आर्थिक रूप से मजबूती देगा. आईआरएफएफ के राष्ट्रीय महासचिव सर्वजीत सिंह ने बताया कि वर्तमान में बोनस छठे वेतन आयोग के न्यूनतम वेतन 7,000 रु.के आधार पर दिया जा रहा है, जबकि सातवें वेतन आयोग के अनुसार कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 18,000 रु. है.



### रेलवे यूनियन कर रहे बोनस बढ़ाने की मांग

हालांकि यह बोनस कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है, लेकिन रेलवे कर्मचारियों के संघ अभी भी कुछ मांगों को लेकर सरकार से चर्चा कर रहे हैं. प्रमुख यूनियनें जैसे भारतीय रेलवे कर्मचारी महासंघ और अखिल भारतीय रेलवे कर्मचारी संघ ने बोनस बढ़ाने और आठवीं वेतन आयोग की स्थापना के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की है.

# सैमसंग लेकर आया 'बिग बीस्पोक एआई फेस्टिवल'




**नई दिल्ली.**

सैमसंग के फेस्टिव ऑफर में 50,000 रुपये तक का कैशबैक और बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर्स, वॉशिंग मशीनों, एयर कंडीशनर्स, और माइक्रोवेव पर 47% तक की छूट शामिल है

उपभोक्ता 22 सितंबर से 10 नवंबर, 2025 के बीच खरीदारी पर बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर रेंज पर 21,000 रुपये तक की बचत के साथ आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं उपभोक्ताओं को ज़ीरो डाउन पेमेंट के साथ आसान फाइनेंस और सैमसंग के 20/5 नो-कॉस्ट ईएमआई स्कीम के तहत विशेष '1 ईएमआई ऑफ' ऑफर भी मिलता है. सैमसंग का डिजिटल इन्वर्टर कंप्रेसर (रेफ्रिजरेटर) और मोटर (वॉशिंग मशीन) 20 साल की वारंटी के साथ आता है, जो लंबे समय तक ड्यूरैबिलिटी सुनिश्चित करता है. फेस्टिव ऑफर्स 26 अक्टूबर, 2025 तक सैमसंग.कॉम, प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और भारत भर के चनिंदा रिटेल आउटलेटस पर मान्य हैं.

'बिग बीस्पोक एआई फेस्टिवल' के दौरान, उपभोक्ता चुनिंदा बीस्पोक एआई उपकरणों पर 50,000 रुपये तक का कैशबैक और व्यापक मॉडल रेंज पर 47% तक की छूट का आनंद ले सकते हैं। ये ऑफर्स रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव और एयर कंडीशनर पर लागू हैं, तो अपने घर को सैमसंग के नए प्रोडक् ट्स से अपग्रेड करने का यह बिल् कुल सही समय है।

सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लायंसेज के वाइस प्रेसिडेंट घुफरान आलम ने कहा, "बिग बीस्पोक एआई फेस्टिवल' के साथ, हम सैमसंग के सबसे आधुनिक और उपभोक्ता-केंद्रित प्रोडक् ट्स भारतीय घरों में ला रहे हैं। बीस्पोक एआई रेंज सिर्फ सुविधा नहीं देती, बल्कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आसान बनाती है और अलग-अलग प्रोडक् ट्स में व्यक्तिगत, ऊर्जा-बचत वाला अनुभव प्रदान करती है। यह त्योहारी सीजन हमारे उपभोक्ताओं के साथ मनाने का सैमसंग का तरीका है, जिसमें खास ऑफर्स, कैशबैक और एक् सटेंडेड वारंटी के ज़रिए स्मार्ट और आसान तकनीक को सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। यह कैंपेन भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करता है और इनोवेशन को लेकर हमारे समर्पण को दिखाता है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर जमीन के दामों में 500% उछाल

**नई दिल्ली.**

यमुना एक्सप्रेसवे, जो अब तक सिर्फ दिल्ली और आगरा को जोड़ने वाला एक तेज रूट माना जाता था. एनसीआर का सबसे तेजी से उभरता हुआ रियल एस्टेट कॉरिडोर बन चुका है. इसका सबसे बड़ा कारण है जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जिसका उद्घाटन अब बहुत ही नजदीक है. इस आने वाले एयरपोर्ट ने पूरे क्षेत्र की तस्वीर ही बदल दी है खासकर रियल एस्टेट के सेक्टर में. पिछले पांच सालों में, इस इलाके में प्रॉपर्टी की कीमतों में जो उछाल आया है, उसने निवेशकों को चौंका दिया है. अगर आपने 2020 में यमुना एक्सप्रेसवे पर कोई प्लॉट या फ्लैट खरीदा होता तो आज उसकी कीमत कई गुना हो गई होती. एक रिपोर्ट में इन्वेस्टएक्सपर्ट एडवाइजर्स के आंकड़ों के हवाले से बताया गया कि 2020 में यमुना एक्सप्रेसवे पर अपार्टमेंट की औसत कीमत 3,950 रुपये प्रति वर्ग फुट थी.

# पर्पल स्टाइल लैब्स का सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल

**मुंबई.**

पर्नियाज पॉप-अप शॉप की मूल कंपनी और भारत के सबसे बड़े मल्टी-ब्रांड लक्जरी फैशन प्लेटफॉर्म में से एक, पर्पल स्टाइल लैब्स ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबीके पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। यह पेशकश 10 रूपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के एक नए निर्गम के रूप में है, जो कुल मिलाकर 660 करोड़ रुपये तक का है।




पर्पल स्टाइल लैब्स ("पीएसएल"या "कंपनी") वित्तीय वर्ष 2024 में राजस्व के मामले में भारत के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते मल्टी-ब्रांड लक्जरी फैशन प्लेटफॉर्म में से एक है। महिला परिधान, पुरुष परिधान, फाइन ज्वेलरी, फैशन ज्वेलरी, बच्चों के परिधान और एक्सेसरीज़ सहित 2,11,727 से अधिक एसकेयू (स्टॉक कीपिंग यूनिट्स) के पोर्टफोलियो के साथ, पीएसएल 1,312 से अधिक सक्रिय डिजाइनर ब्रांडों से उत्पादों को क्यूरेट करता है। डिजाइनर संबंधों के एक व्यापक नेटवर्क द्वारा समर्थित, यह कंपनी को एक मजबूत प्रतिस्पर्धी बढ़त प्रदान करता है, जिससे ग्राहकों को अद्वितीय विकल्प और डिजाइनरों को बेजोड़ दृश्यता, वैश्विक पहुंच और मूल्य अखंडता मिलती है।

उद्योग के आंकड़े पीएसएलकी असाधारण वृद्धि की गति को उजागर करते हैं। पर्नियाज पॉप-अप शॉप ने वित्तीय वर्ष 2020 में केवल 45 करोड़ रुपये के राजस्व से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 में 508 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त किया। यह लक्जरी और ब्रिज-टू-लक्जरी खिलाड़ियों के बीच 83% सीएजीआरकी सबसे तेज वृद्धि दर में से एक है, जो लुई वुइटन, गुच्ची और सब्यसाची और आज़ा फैशन जैसे घरेलू नामों को भी पीछे छोड़ती है। इस मजबूत वृद्धि ने पीएसएलको भारत के लक्जरी रिटेल क्षेत्र में एक अग्रणी शक्ति के रूप में मजबूती से स्थापित किया है।

पीएसएलएक विभेदित ओमनी-चैनल मॉडल का संचालन करता है, जो मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और लंदन जैसे प्रमुख शहरों में बड़े-प्रारूप वाले अनुभव केंद्रों के साथ एक मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म को जोड़ता है। वित्तीय वर्ष 2025 में, इसके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने 1.857 करोड़ अद्वितीय आगंतुकों को आकर्षित किया, जबकि अनुभव केंद्रों ने प्रीमियम, व्यक्तिगत सेवा प्रदान की। यह मॉडल प्रीमियम ग्राहक अनुकूलन पर पीएसएलके ध्यान से और मजबूत होता है। इसके शीर्ष 50,000 ग्राहक कुल जीएमवी (सकल व्यापारिक मूल्य) का लगभग 95.94% योगदान करते हैं, जो सुविधा को विशिष्टता के साथ मिश्रित करने और वफादारी और लाभप्रदता को बढ़ाने की इसकी क्षमता को दर्शाता है। ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") नामक स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और आईआईएफएलकैपिटल सर्विसेज लिमिटेड (जिसे पहले आईआईएफएलसिक्योरिटीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) इस इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

# दुनिया में छाया भारत का यूपीआई

## > अब कतर में भी होगा इस्तेमाल

**कतर.**

कतर में अब भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस) चालू हो गया है. एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने कतर नेशनल बैंक (क्यूएनबी) के साथ मिलकर ये सेवा शुरू की है. इसका मतलब है कि अब भारतीय पर्यटक कतर के मुख्य पर्यटन स्थलों और ड्यूटी फ्री शॉप्स पर सीधे अपने मोबाइल से यूपीआई के जरिए पेमेंट कर सकते हैं. कतर में यूपीआई आने से भारतीय यात्रियों को अब मुद्रा बदलवाने की झंझट नहीं होगी. वे अपने मोबाइल फोन से सीधे पेमेंट कर पाएंगे, जिससे नकद पैसे लेकर चलने का खतरा और




एक्सचेंज कराने की परेशानी खत्म हो जाएगी. कतर से पहले भारत का यूपीआई 8 अन्य देशों में पहले से ही काम कर रहा है. आइए जानते हैं कि किन-किन देशों में यूपीआई से पेमेंट किया जा सकता है.

भारतीय मोबाइल पेमेंट सिस्टम यूपीआई ने देश में क्रांति ला दी है. अब इसकी लोकप्रियता सीमा पार भी बढ़ती जा रही है. कई देशों ने यूपीआई को अपनाकर पेमेंट को आसान और तेज़ बना दिया है. फ्रांस- फ्रांस 2024 में यूरोप का पहला देश बन गया जहां यूपीआई सेवा शुरू हुई. पेरिस के विश्व प्रसिद्ध एफिल टावर पर अब टिकट खरीदने के लिए यूपीआई से पेमेंट किया जा सकता है.

संयुक्त अरब अमीरात- संयुक्त अरब अमीरात में 2021 से यूपीआई की सुविधा शुरू हो चुकी है. खासतौर पर दुबई मॉल और अन्य बड़े शॉपिंग हब में क्यूआर कोड के माध्यम से यूपीआई पेमेंट को स्वीकार किया जा रहा है. इससे वहां के लोग और पर्यटक दोनों ही आसानी से डिजिटल तरीके से भुगतान कर सकते हैं, जिससे लेन-देन तेज और सुरक्षित हुआ है. भूटान- भूटान ने भी 2021 में भीम ऐप के जरिए यूपीआई पेमेंट सिस्टम को अपनाया. इससे वहां के नागरिकों के लिए कैशलेस भुगतान करना बहुत आसान हो गया है. नेपाल- नेपाल में 2024 से भारत-नेपाल के बीच सीमा पार यूपीआई से भुगतान की सुविधा शुरू हो गई है. इसका मतलब है कि भारत से नेपाल जाने वाले या नेपाल के नागरिक भारत में यूपीआई के जरिए पेमेंट कर सकते हैं. मॉरीशस- 2024 में मॉरीशस ने यूपीआई और रुपे कार्ड की सेवाएं लागू कीं. अब मॉरीशस में यूपीआई को एक स्थानीय भुगतान विकल्प के रूप में स्वीकार किया जाता है. श्रीलंका- 2024 में श्रीलंका ने भी यूपीआई सेवा शुरू की, जिससे दोनों देशों के आर्थिक और व्यावसायिक संबंधों में मजबूती आई है. यूपीआई के जरिए व्यापारियों और ग्राहकों के बीच पेमेंट आसान, तेज और सुरक्षित हो गया है. सिंगापुर- सिंगापुर में 2023 से पूरे देश में यूपीआई का इस्तेमाल शुरू हो चुका है. यहां के सभी रिटेल स्टोर, बाजार, और पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड के माध्यम से यूपीआई से भुगतान करना संभव है.

# सिर्फ 11 रु.में दिवाली इंश्योरेंस

**नई दिल्ली.**

दिवाली का त्यौहार रोशनी और खुशियों का होता है. लेकिन हर साल पटाखों के चलते कई जगहों पर हादसे भी हो जाते हैं. जलने से चोट लगना, आंखों में चिंगारी चली जाना या फिर आग लगने जैसी घटनाएं सामने आती हैं. इन्हीं खतरों को ध्यान में रखते हुए फोनपे ने एक खास बीमा प्लान पेश किया है, जिसकी कीमत केवल 11 रु. है. इस बीमा से अगर दिवाली के समय पटाखों की वजह से कोई हादसा हो जाए, तो इलाज का खर्च या गंभीर स्थिति में बीमा राशि मिलती है. फोनपे का ये बीमा प्लान बहुत ही आसान और सस्ता है. इसकी कीमत सिर्फ ₹11 रखी गई है. इस बीमा में कुल 25,000 रु.तक का कवर मिलता है. यानी अगर दिवाली के दौरान कोई बड़ा हादसा होता है, तो इलाज के खर्च या अन्य जरूरी खर्चों के लिए बीमा कंपनी की तरफ से आर्थिक मदद दी जाएगी. इस पॉलिसी की वैधता कुल 11 दिन की होगी . यानी दिवाली के आसपास के 11 दिनों तक अगर कोई घटना होती है, तो ही आप बीमे का लाभ ले सकते हैं. इसमें सिर्फ वही नहीं, बल्कि आपके पति/पत्नी और दो बच्चों तक को कवर मिल जाता है. यानी एक ही पॉलिसी से पूरा परिवार सुरक्षित हो सकता है.

अगर पटाखों के कारण आपको चोट लगती है और अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है, तो ये बीमा आपकी मदद करेगा. अगर इलाज में 24 घंटे से ज्यादा लगते हैं, तो खर्च इसमें शामिल होगा.फोनपे का ये बीमा लेने के लिए किसी एजेंट या दफ्तर जाने की जरूरत नहीं है. बस अपने मोबाइल में फोनपे ऐप खोलिए. एप के अंदर इन्शुरन्स वाला सेक्शन खोलें. वहां फ़िरेकरकेर इन्शुरन्स नाम से ऑप्शन दिखेगा. इस पर क्लिक करके प्लान की पूरी जानकारी पढ़ सकते हैं. फिर अपनी जानकारी भरें, 11 रु.का पेमेंट करें और बीमा कुछ ही मिनट में शुरू हो जाएगा. अगर आपने ये बीमा 12 अक्टूबर से पहले खरीदा है, तो इसका फायदा आपको दिवाली की पूरी छुट्टियों तक मिलेगा. 12 अक्टूबर के बाद खरीदने पर, जिस दिन आपने खरीदा है, उसी दिन से आगे के 11 दिन तक ये बीमा मान्य रहेगा.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र अक्षय विकली लॉटरी | सोडत दर बुधवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 39 | सोडत दिनांक 24/09/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 8 लाख — AK-03 : 7704

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 2282 — किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली; महाराजा असोसिएट्स - इचलकरंजी

| बक्षिस | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1436 | 2073 | 3244 | 4341 | 4859 | 5683 | 6006 |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1187 | 1650 | 2769 | 6707 | 6784 | 7379 | 7647 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1770 | 1818 | 3183 | 4450 | 5798 | 5803 | 6851 |
| सहावे बक्षिस रु. 200/- | 1106 | 1216 | 2617 | 3238 | 5551 | 5567 | 7821 |

सातवे बक्षीस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2043 | 2507 | 3209 | 3727 | 4245 | 4764 | 5305 | 5689 | 6196 | 6632 | 7037 | 7566 |
| | | 2049 | 2559 | 3236 | 3758 | 4274 | 4819 | 5307 | 5690 | 6227 | 6643 | 7074 | 7572 |
| | | 2072 | 2564 | 3246 | 3800 | 4291 | 4841 | 5349 | 5697 | 6236 | 6645 | 7076 | 7575 |
| 1001 | 1427 | 2073 | 2571 | 3287 | 3813 | 4298 | 4842 | 5354 | 5700 | 6242 | 6652 | 7084 | 7622 |
| 1011 | 1441 | 2082 | 2577 | 3300 | 3825 | 4314 | 4848 | 5395 | 5741 | 6266 | 6654 | 7097 | 7636 |
| 1031 | 1446 | 2102 | 2621 | 3321 | 3830 | 4326 | 4862 | 5405 | 5751 | 6274 | 6658 | 7134 | 7666 |
| 1047 | 1450 | 2120 | 2622 | 3322 | 3848 | 4347 | 4885 | 5406 | 5761 | 6279 | 6666 | 7138 | 7671 |
| 1055 | 1478 | 2124 | 2628 | 3341 | 3865 | 4387 | 4904 | 5411 | 5796 | 6286 | 6679 | 7149 | 7692 |
| 1066 | 1482 | 2141 | 2641 | 3359 | 3869 | 4420 | 4941 | 5432 | 5831 | 6290 | 6687 | 7177 | 7697 |
| 1073 | 1488 | 2152 | 2662 | 3361 | 3915 | 4425 | 4946 | 5433 | 5833 | 6297 | 6693 | 7186 | 7714 |
| 1076 | 1490 | 2182 | 2686 | 3364 | 3932 | 4428 | 4948 | 5459 | 5838 | 6299 | 6694 | 7201 | 7727 |
| 1078 | 1585 | 2192 | 2737 | 3368 | 3934 | 4434 | 4966 | 5480 | 5851 | 6306 | 6698 | 7237 | 7734 |
| 1101 | 1592 | 2206 | 2758 | 3381 | 3936 | 4438 | 4967 | 5485 | 5854 | 6308 | 6710 | 7246 | 7745 |
| 1104 | 1652 | 2226 | 2760 | 3385 | 3938 | 4439 | 4970 | 5489 | 5857 | 6347 | 6719 | 7247 | 7746 |
| 1105 | 1659 | 2228 | 2799 | 3389 | 3961 | 4441 | 4974 | 5496 | 5864 | 6359 | 6722 | 7272 | 7747 |
| 1114 | 1675 | 2229 | 2825 | 3422 | 3972 | 4442 | 5015 | 5500 | 5865 | 6376 | 6741 | 7284 | 7757 |
| 1141 | 1688 | 2241 | 2827 | 3440 | 3990 | 4446 | 5025 | 5502 | 5885 | 6398 | 6743 | 7287 | 7759 |
| 1148 | 1699 | 2244 | 2829 | 3442 | 4003 | 4449 | 5034 | 5505 | 5895 | 6400 | 6791 | 7292 | 7771 |
| 1151 | 1706 | 2253 | 2833 | 3463 | 4029 | 4465 | 5040 | 5510 | 5898 | 6406 | 6796 | 7298 | 7773 |
| 1154 | 1713 | 2258 | 2862 | 3477 | 4042 | 4466 | 5052 | 5516 | 5904 | 6415 | 6806 | 7310 | 7782 |
| 1161 | 1718 | 2274 | 2879 | 3483 | 4045 | 4474 | 5057 | 5520 | 5908 | 6427 | 6826 | 7377 | 7817 |
| 1168 | 1722 | 2276 | 2881 | 3486 | 4047 | 4480 | 5065 | 5533 | 5929 | 6461 | 6834 | 7384 | 7832 |
| 1175 | 1751 | 2282 | 2918 | 3492 | 4048 | 4485 | 5079 | 5545 | 5930 | 6468 | 6837 | 7388 | 7854 |
| 1176 | 1762 | 2288 | 2926 | 3493 | 4103 | 4488 | 5080 | 5551 | 5938 | 6475 | 6842 | 7395 | 7858 |
| 1188 | 1787 | 2293 | 3006 | 3498 | 4125 | 4506 | 5105 | 5560 | 5953 | 6476 | 6860 | 7403 | 7866 |
| 1191 | 1819 | 2295 | 3025 | 3505 | 4135 | 4514 | 5118 | 5561 | 5955 | 6486 | 6866 | 7428 | 7870 |
| 1196 | 1838 | 2317 | 3039 | 3526 | 4148 | 4543 | 5127 | 5567 | 5960 | 6489 | 6909 | 7432 | 7873 |
| 1207 | 1846 | 2321 | 3054 | 3531 | 4177 | 4545 | 5144 | 5572 | 5988 | 6500 | 6915 | 7437 | 7875 |
| 1232 | 1882 | 2344 | 3058 | 3533 | 4183 | 4550 | 5145 | 5573 | 6008 | 6508 | 6916 | 7447 | 7879 |
| 1271 | 1889 | 2356 | 3090 | 3545 | 4198 | 4594 | 5169 | 5575 | 6029 | 6518 | 6933 | 7462 | 7883 |
| 1282 | 1919 | 2369 | 3130 | 3547 | 4203 | 4596 | 5204 | 5580 | 6067 | 6544 | 6934 | 7471 | 7892 |
| 1296 | 1942 | 2374 | 3147 | 3568 | 4218 | 4611 | 5209 | 5581 | 6072 | 6549 | 6944 | 7472 | 7894 |
| 1298 | 1945 | 2382 | 3152 | 3584 | 4224 | 4626 | 5231 | 5609 | 6086 | 6561 | 6954 | 7494 | 7907 |
| 1301 | 1969 | 2386 | 3154 | 3596 | 4228 | 4636 | 5251 | 5615 | 6091 | 6567 | 6956 | 7497 | 7921 |
| 1334 | 1978 | 2421 | 3165 | 3603 | 4230 | 4709 | 5252 | 5635 | 6092 | 6568 | 6966 | 7507 | 7937 |
| 1341 | 1991 | 2433 | 3178 | 3607 | 4233 | 4724 | 5263 | 5644 | 6094 | 6596 | 6986 | 7517 | 7959 |
| 1392 | 2015 | 2479 | 3180 | 3628 | 4235 | 4740 | 5280 | 5647 | 6135 | 6604 | 7006 | 7544 | 7960 |
| 1415 | 2022 | 2485 | 3184 | 3644 | 4241 | 4756 | 5283 | 5673 | 6169 | 6609 | 7025 | 7556 | 7973 |
| 1421 | 2027 | 2502 | 3208 | 3697 | 4244 | 4759 | 5285 | 5679 | 6180 | 6621 | 7033 | 7557 | 7993 |

महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र — जिंका फक्त 5 अंकावर — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख (₹1 लाखाची 5 बक्षिसे) — तिकीटाची किंमत 200/-

अक्षय सोडत दिनांक 24/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — गणेशलक्ष्मी विजयी विकली लॉटरी — सोडत सायं. 5:00 वाजता

सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 24/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — MG-07 : 9903

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 2000/- — 0504 | 1292 | 5344 | 6646 (ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे) | 7615 (प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण)

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0464 | 1624 | 2970 | 3284 | 4669 | 5193 | 6261 | 6580 | 7322 | 8006 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0481 | 0587 | 0635 | 1350 | 2546 | 4009 | 4118 | 5592 | 7569 | 7969 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0002 | 0726 | 2314 | 3032 | 3603 | 5200 | 6413 | 7034 | 7831 | 9249 |
| 0019 | 0911 | 2412 | 3037 | 3737 | 5245 | 6436 | 7075 | 7887 | 9259 |
| 0070 | 0959 | 2426 | 3050 | 3831 | 5250 | 6564 | 7159 | 7926 | 9368 |
| 0075 | 1120 | 2432 | 3054 | 3927 | 5365 | 6608 | 7268 | 7962 | 9454 |
| 0098 | 1334 | 2506 | 3072 | 3942 | 5445 | 6610 | 7276 | 8006 | 9481 |
| 0168 | 1496 | 2529 | 3129 | 3981 | 5637 | 6634 | 7351 | 8019 | 9494 |
| 0179 | 1606 | 2695 | 3150 | 4087 | 5642 | 6674 | 7447 | 8073 | 9514 |
| 0260 | 1675 | 2742 | 3306 | 4121 | 5752 | 6768 | 7481 | 8082 | 9535 |
| 0321 | 1818 | 2814 | 3315 | 4148 | 5801 | 6791 | 7519 | 8417 | 9817 |
| 0386 | 1931 | 2898 | 3318 | 4344 | 5957 | 6808 | 7547 | 8450 | 9880 |
| 0421 | 1946 | 2953 | 3399 | 4375 | 6166 | 6821 | 7715 | 8681 | 9943 |
| 0500 | 2129 | 2974 | 3493 | 4435 | 6266 | 6829 | 7760 | 8787 | 9948 |
| 0556 | 2132 | 2995 | 3503 | 4442 | 6294 | 7017 | 7767 | 9229 | 9973 |
| 0560 | 2285 | 3017 | 3523 | 4892 | 6312 | 7028 | 7799 | 9234 | 9998 |

महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख — तिकीटाची किंमत 200/-

गणेशलक्ष्मी विजयी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 24/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — विजयालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 24/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — SV-02 : 5521

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1288 | 1389 | 1519 | 1552 | 1581 | 1876 | 2832 | 3512 | 4233 | 5175 |
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 1054 | 1369 | 2717 | 2841 | 2909 | 3262 | 3661 | 3916 | 3991 | 5284 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1022 | 1562 | 2412 | 3340 | 4844 |
| 1090 | 1590 | 2438 | 3363 | 4933 |
| 1108 | 1689 | 2454 | 3390 | 4946 |
| 1121 | 1891 | 2593 | 3447 | 5299 |
| 1146 | 1918 | 2595 | 3619 | 5362 |
| 1191 | 2018 | 2788 | 3744 | 5384 |
| 1273 | 2026 | 2821 | 3773 | 5422 |
| 1277 | 2124 | 2936 | 3874 | 5711 |
| 1314 | 2220 | 2986 | 4041 | 5752 |
| 1327 | 2240 | 3167 | 4107 | 5846 |
| 1367 | 2242 | 3193 | 4509 | 5852 |
| 1481 | 2396 | 3338 | 4563 | 5963 |

महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस ₹ 1 करोड — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख — तिकीटाची किंमत 200/-

छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

महाराष्ट्र सह्याद्री विजयालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 24/09/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 24/09/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- — GL-01 : 3785

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0842 | 1595 | 2089 | 3684 | 3883 | 4049 | 4576 | 4638 | 7258 | 9046 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2137 | 2696 | 3409 | 4100 | 4328 | 5258 | 5805 | 6312 | 8184 | 8503 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0128 | 0685 | 0711 | 2483 | 3617 | 4230 | 5397 | 5834 | 6032 | 9713 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 300/- | 1117 | 2282 | 3081 | 3733 | 4745 | 5546 | 6510 | 7598 | 8190 | 8882 |
| 0011 | 1288 | 2296 | 3230 | 3765 | 4804 | 5559 | 6536 | 7624 | 8217 | 8883 |
| 0167 | 1368 | 2297 | 3281 | 3782 | 4934 | 5599 | 6587 | 7651 | 8219 | 8891 |
| 0214 | 1411 | 2324 | 3304 | 3811 | 4979 | 5675 | 6652 | 7677 | 8295 | 8942 |
| 0233 | 1457 | 2325 | 3313 | 3874 | 5001 | 5823 | 6653 | 7696 | 8303 | 9049 |
| 0260 | 1512 | 2341 | 3333 | 3931 | 5016 | 5888 | 6654 | 7704 | 8329 | 9060 |
| 0266 | 1513 | 2446 | 3338 | 3945 | 5037 | 5901 | 6768 | 7707 | 8379 | 9089 |
| 0366 | 1657 | 2504 | 3343 | 4134 | 5057 | 5951 | 6786 | 7715 | 8407 | 9149 |
| 0399 | 1715 | 2557 | 3349 | 4147 | 5133 | 5957 | 6982 | 7731 | 8408 | 9239 |
| 0405 | 1821 | 2719 | 3356 | 4163 | 5157 | 5977 | 7035 | 7796 | 8424 | 9306 |
| 0517 | 1859 | 2732 | 3404 | 4212 | 5159 | 5991 | 7092 | 7847 | 8437 | 9317 |
| 0590 | 1912 | 2751 | 3419 | 4271 | 5212 | 6007 | 7117 | 7941 | 8452 | 9492 |
| 0591 | 2072 | 2826 | 3432 | 4394 | 5225 | 6009 | 7157 | 7950 | 8468 | 9498 |
| 0652 | 2085 | 2831 | 3439 | 4402 | 5255 | 6017 | 7174 | 7952 | 8590 | 9626 |
| 0665 | 2183 | 2880 | 3464 | 4416 | 5286 | 6161 | 7175 | 8002 | 8762 | 9652 |
| 0740 | 2200 | 2911 | 3497 | 4447 | 5312 | 6227 | 7180 | 8018 | 8768 | 9694 |
| 0830 | 2207 | 2974 | 3517 | 4499 | 5352 | 6244 | 7279 | 8108 | 8789 | 9729 |
| 0903 | 2208 | 3002 | 3537 | 4586 | 5357 | 6265 | 7282 | 8118 | 8803 | 9807 |
| 0935 | 2223 | 3010 | 3539 | 4591 | 5399 | 6280 | 7473 | 8151 | 8821 | 9859 |
| 1105 | 2244 | 3023 | 3554 | 4624 | 5501 | 6320 | 7572 | 8158 | 8851 | 9974 |
| 1116 | 2249 | 3038 | 3615 | 4696 | 5535 | 6380 | 7575 | 8178 | 8876 | 9992 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/09/2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षीस ₹ 5 लाख — सहावे बक्षिस रु. ₹ 2.5 लाख (रु.100 च्या 2500 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 24/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


# पीएसयू बैंक के शेयर लगाएंगे ऊंची छलांग?

**नई दिल्ली.**




24 सितंबर को शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के मूड में रहा. बुधवार सुबह सेंसेक्स 184.45 अंक गिरकर 81,917.65 पर खुला. कुछ ही देर में गिरावट तेज़ हो गई और सेंसेक्स 382 अंकों की कमजोरी के साथ 81,720.29 तक आ गया. एनएसई निफ्टी भी 60.75 अंक टूटकर 25,108.75 पर खुला और फिर 25,053.80 के निचले स्तर तक गिर गया. लेकिन, इस बीच पीएसयू बैंक के शेयरों में खासा जोरदार उछाल देखा गया. खासकर एसबीआई, इंडियन बैंक और कनारा बैंक के शेयर 52 हफ्तों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए. ऐसा लग रहा है जैसे इन शेयरों को कोई नई ताकत मिल गई हो. इसके पीछे सबसे बड़ी वजह सरकार की योजना मानी जा रही है, जिसमें पीएसयू बैंकों में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने की तैयारी चल रही है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार सोच रही है कि पीएसयू बैंकों में विदेशी निवेश की सीमा जो अभी 20 प्रतिशत है, उसे बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर दिया जाए. हालांकि सरकार खुद बैंक में अपनी हिस्सेदारी 51 प्रतिशत से नीचे नहीं जाने देगी, ताकि नियंत्रण उसी के पास रहे. अगर ऐसा हुआ तो बैंकों में बड़ी पूंजी आएगी और बाजार में निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा. इसी कारण आज पीएसयू बैंक के शेयरों ने जबरदस्त तेजी दिखाई. जब बाकी शेयर बाजार में कमजोरी देखी गई, तब पीएसयू बैंक इंडेक्स ने 1.5 प्रतिशत से भी ज्यादा की तेजी दर्ज की और पिछले एक साल के उच्चतम स्तर 7,567.50 अंक को छू लिया. यह एक खास बात है क्योंकि आज का दिन पूरे बाजार के लिए अच्छा नहीं था. एसबीआई के शेयर 1.13 प्रतिशत बढ़कर 880.50 रु.के करीब पहुंचे. एसबीआई की उम्मीद है कि उसका कर्ज 3% बढ़ेगा और मार्जिन में सिर्फ 5 बेसिस पॉइंट की थोड़ी गिरावट होगी. विशेषज्ञों की राय है कि बैंक ऑफ़ बरोदा,एसबीआई और पंजाब नेशनल बैंक इन बैंक शेयरों में बेहतर रिटर्न देंगे, इसलिए निवेश के लिहाज से ये तीन बैंक सबसे भरोसेमंद हैं.


१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

### स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर पर खास ध्यान

# महाराष्ट्र सरकार ने कई जिलों को दिया बड़ा तोहफा

**मुंबई.**



महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने राज्य के विभिन्न जिलों को कई बड़े तोहफे दिए हैं। मंगलवार, को हुई कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। बैठक में स्वास्थ्य, परिवहन, नगर विकास और आपदा प्रबंधन से जुड़ी अहम योजनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि सरकार ने सरकारी अस्पतालों को और मजबूत करने और राज्य स्वास्थ्य गारंटी सोसायटी को फंड देने का निर्णय लिया है। इसके तहत महात्मा फुले जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत योजना से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल सीधे मरीजों के इलाज के लिए किया जाएगा। जिलों को मिल रहे लाभ, नागपुर-नागभीड़: यहां की नैरो गेज रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज में बदलने की योजना को मंजूरी मिल गई है। इसके लिए 491 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की गई है। अकोला: नगर निगम को नया बस स्टेशन, सब्जी मंडी और व्यापारिक संकुल बनाने के लिए जमीन प्रदान की जाएगी। सोलापुर: कुंभारी गांव में महिला बीड़ी मजदूर सहकारी संस्था द्वारा बनाए गए घरों पर स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क में छूट मिलेगी। वसई-विरार: नगर निगम को मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल बनाने के लिए आचोले (पालघर) में जमीन दी जाएगी। नासिक रोड: महाराष्ट्र साहित्य परिषद की शाखा के लिए देवळाली गांव में जमीन आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह भी बताया कि मुंबई के घाटकोपर में अवैध होर्डिंग गिरने से हुई दुर्घटना की जांच समिति की रिपोर्ट मंजूर कर ली गई है। समिति ने जो सुरक्षा और सुधार के उपाय सुझाए हैं, उन पर एक महीने के भीतर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। पुनर्विकास परियोजना: मुंबई अंधेरी के एसवीपी नगर में म्हाडा की मदद से पुनर्विकास परियोजना शुरू की जाएगी। इस परियोजना में 122 संस्थाओं और 307 जमीन मालिकों के कुल 4,973 फ्लैटों का पुनर्निर्माण किया जाएगा।


## बारिश और आपदा प्रबंधन

कैबिनेट बैठक में मराठवाड़ा में हुई भारी बारिश और उससे हुई आपदा का भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिए कि वे बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करें और नुकसान का जायजा लें। किसानों के नुकसान का पंचनामा तैयार करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही, दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में तुरंत मदद उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारियों को आवश्यक अधिकार दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित इलाकों में तेजी से राहत और पुनर्वास कार्य कराएगी। साथ ही, नागरिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस तरह, देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्वास्थ्य, परिवहन, नगर विकास और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक साथ कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो सीधे जनता और प्रभावित जिलों के विकास के लिए लाभकारी साबित होंगे।

### बेटा और बिजनेस पार्टनर गिरफ्तार

## संपत्ति विवाद में बुजुर्ग कारोबारी की चाकू मारकर हत्या

मुंबई. मुंबई के कांदिवली इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर पुलिस ने एक व्यक्ति को एक सुपारी किलर को सुपारी देकर अपने 70 वर्षीय व्यवसायी पिता की चाकू मारकर हत्या करवाने के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस ने एक एजेंसी को बताया कि घटना रविवार को हुई और पुलिस ने पीड़ित के बेटे और उसके व्यापारिक साझेदार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है. मृतक मोहम्मद सैयद (70) कांदिवली के चारकोप स्थित सरकारी औद्योगिक क्षेत्र में एक धातु कारखाना चलाते थे. रविवार सुबह, सैयद हमेशा की तरह अपने कारखाने गए थे. लेकिन दोपहर करीब 12 बजे उन्हें चाकू के कई घावों के साथ मृत पाया गया. जांच के दौरान पुलिस को सुबह दो लोग कारखाने के परिसर में घुसते हुए मिले. सीसीटीवी फुटेज में सैयद पर चाकुओं से जानलेवा हमला करने से पहले वे लगभग एक घंटे तक अंदर रहे. उन्होंने बताया कि हत्या के बाद हमलावरों ने हथियार कारखाने के अंदर एक पानी की टंकी में फेंक दिया. जिसे बाद में पुलिस ने बरामद कर लिया. एक विशेष टीम ने नवी मुंबई में एक हमलावर का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी की पहचान मोहम्मद इस्लाम (26) के रूप में हुई है. जिसने अपना अपराध कबूल कर लिया है. वहीं जब पुलिस ने उससे पूछा कि हत्या का आदेश किसने दिया था, तो उसने मृतक के बड़े बेटे हमीद सैयद (41) और उसके व्यापारिक साझेदार व करीबी दोस्त शानू चौधरी (40) का नाम लिया. पुलिस ने हमीद और चौधरी, जो दोनों हत्यारों में से एक था, दोनों को गिरफ्तार कर लिया.



## 23 साल के लड़के ने पिता और दादाजी का किया कत्ल

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुंबई के अंधेरी पूर्व के तक्षशिला इलाके में डबल मर्डर की सनसनीखेज घटना सामने आई है. 23 साल के बेटे ने अपने पिता और दादा की चाकू मारकर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि पिता और दादा शराब पीकर लगातार गाली-गलौज और हंगामा करते थे, जिससे नाराज होकर बेटे ने आधी रात को दोनों की हत्या कर दी. रात में पिता शराब पीकर पैसे मांग रहे थे और गाली-गलौज कर रहे थे, तभी गुस्से में बेटे ने 52 साल के पिता की हत्या कर दी.
उसी दौरान झगड़ा शांत कराने आए 75 साल के दादा और 45 साल के चाचा पर भी बेटे ने चाकू से हमला कर दिया. इस हमले में चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज जोगेश्वरी के ट्रॉमा केयर अस्पताल में चल रहा है. करीब रात 2 बजे जब पिता और दादा शराब पीकर हंगामा कर रहे थे, तभी गुस्से में आकर बेटे ने धारदार चाकू से दोनों की हत्या कर दी.

## बड़े व्यापारियों में से एक नुस्ली वाडिया और परिवार पर एफआईआर

**मुंबई.** बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में फेरानी होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ अदालत में कार्यवाही में कथित रूप से जाली और मनगढ़ंत दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोप में जाने-माने व्यवसायी नुस्ली नेविल वाडिया, मौरीन नुस्ली वाडिया, नेस वाडिया, मुंबई के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन ने बीएनएस की धारा 318(4), 331(2), 336(3), 339, 340(2), 61(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. शिकायत में आरोप लगाया गया कि वित्तीय लाभ लेने और धोखाधड़ी तथा छल के इरादे से आरोपियों ने नकली और जाली दस्तावेजों का अवैध इस्तेमाल किया.
कोर्ट ने बांगुर नगर पुलिस को नुस्ली वाडिया, मौरीन वाडिया (78), नेस वाडिया (54), जहांगीर वाडिया (52), एच. जे. बामजी (75), के. एफ. भारूचा और आर. ई. वंदेवाला (65) के खिलाफ कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के लिए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया.

## जाहीर सुचना

सदर्हु जाहिर सुचनेद्वारे आपणास कळविण्यात येते की, निम्नलिखीत थकबाकिदारांकडील कर्ज वसुलीसाठी महाराष्ट्र सहकारी संस्था अधिनियम १९६० चे कलम १०१ अंतर्गत वसुली दाखला मिळणे करीता **हनुमान क्रेडीट सहकारी संस्था मर्यादित, नागपुर जिल्हा (र. नं. १३७/१९६७)** या संस्थेने या कार्यालयास अर्ज सादर केलेला आहे. या संदर्भात या कार्यालयामार्फत थकबाकीदारांना नैसर्गिक न्याय या तत्वावर त्यांचे म्हणणे मांडण्याकरीता पुरेपुर संधी देण्यात आलेली आहे. तरी देखील निम्नलिखीत कर्जदार/जमानतदार या कार्यालयातर्फे आयोजीत करण्यात आलेल्या सुनावणीस उपस्थित राहीलेले नाहीत.

सदर्हु जाहिर सुचनेद्वारे निम्नलिखीत थकबाकिदारांना अंतिम सुनावणीची संधी देण्यात येत आहे. याबाबत त्यांचे म्हणणे मांडावयाचे असल्यास समक्ष अथवा त्यांचे प्रतिनिधी मार्फत **दिनांक ०१/१०/२०२५ दुपारी ०३.०० वाजता** निम्नलिखित कार्यालयात हजर रहावे. सदर तारखेस उपस्थित न राहिल्यास त्यांना त्यांचे थकबाकी संदर्भात काहीही म्हणणे मांडावयाची नाही असे समजुन वसुली दाखला निर्गमित करण्याबाबत पुढील कार्यवाही करण्यात येईल याची नोंद घ्यावी.

| अ.क्र. | केस क्र. | थकबाकी कर्जदाराचे नाव व पत्ता | दावा रक्कम |
|---|---|---|---|
| १ | ५३०/२०२५ | **१. सौ. विणा देवेंद्र उईके, श्री देवेन्द्र गुडवजी उईके (कर्जदार)** रा.प्लॉट नं.३९, गोविंदप्रभू नगर, शिवाजी चौक दिघोरी, नागपुर २४ **२.मनीषा दीपकराव सातपुते (जमानतदार)** रा. प्लॉट नं. ७२५, रामनगर, नागपूर-१० **३.श्री योगेश बबनराव जुगनाके (जमानतदार)** रा. प्लॉट नं. ५०, लैबररी न्यू फुटाळा, अंबाझरी रोड, नागपूर - २१. | ४,२३,२४८/- |
| २ | ५२६/२०२५ | **१. श्री मिलिंद एकनाथ वामोरकर (कर्जदार)** रा. ३३, श्रीकृष्णनगर, वाठोडा लेआऊट, डॉ. मसाने हॉस्पिटल जवळ, नागपूर -२४ **२.श्री सचिन ज्ञानेश्वर सोनकुसरे (जमानतदार)** रा. ११४, मनीषा लेआऊट शीतला माता डेकोरेशन, शेषनगर, नंदनवन, नागपुर २४ **३.श्री गणेश श्रीरामजी सोनटक्के (जमानतदार /सहकर्जदार)**, रा. ४०, हसनबाग रोड, न्यु नंदनवन, पांडव कॉलेज जवळ, नागपुर २४. | १,६९,७९४/- |

कार्यालय - उपनिबंधक, सहकारी संस्था, नागपूर शहर-२
पत्ता :-भूविकास बैंक कॉम्प्लेक्स, गणेशपेठ पोलीस स्टेशन च्या समोर, पहिला माळा, ता. नागपूर

दि. २४/०९/२०२५
ठिकान : नागपूर

**उपनिबंधक
सहकारी संस्था,
नागपूर -२**




### 9 गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 50,0000 से अधिक देगी

# महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला

**मुंबई.**



महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से आरक्षित निधि का इस्तेमाल 9 ऐसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें लागत पांच लाख रुपये से अधिक है. यह निर्णय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया. मुख्यमंत्री दफ्तर की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि विस्तारित महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत दावा निपटान का 20 प्रतिशत अब राज्य स्वास्थ्य आश्वासन सोसायटी द्वारा प्रबंधित आरक्षित निधि में स्थानांतरित किया जाएगा. बयान में कहा गया है कि इस फंड में लिवर, फेफड़े, हृदय और अस्थि मज्जा प्रतिरोपण जैसी महंगी प्रक्रियाएं शामिल होंगी, जो वर्तमान में पांच लाख रुपये की सीमा के अंतर्गत नहीं आती हैं. राज्य सरकार लिवर ट्रांसप्लांट के लिए 22 लाख रुपये तक, फेफड़े या संयुक्त हृदय-फेफड़े प्रतिरोपण के लिए 20 लाख रुपये, हृदय प्रतिरोपण के लिए 15 लाख रुपये, विभिन्न अस्थि मज्जा ट्रांसप्लांट के लिए 9.5 से 17 लाख रुपये देगी. इसके साथ ही ट्रांसकैथेटर महाधमनी वाल्व प्रतिरोपण (टीएवीआई) और ट्रांसकैथेटर महाधमनी वाल्व प्रतिस्थापन (टीएमवीआर) हृदय वाल्व प्रक्रियाओं के लिए 10-10 लाख रुपये तक का खर्च वहन करेगी. मंत्रिमंडल ने इन उपचारों में शामिल सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर और कर्मचारियों के प्रोत्साहन भत्तों में संशोधन को भी मंजूरी दी. विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में एक विशेष समिति गठित की जाएगी जो सर्जरी दरों, फंड के इस्तेमाल और अस्पतालों को सुदृढ़ बनाने के उपायों की निगरानी करेगी.

## महाराष्ट्र कैबिनेट ने और क्या लिये फैसले?

अन्य निर्णयों में मंत्रिमंडल ने 116.15 किलोमीटर लंबी नागपुर-नागभीड़ नैरो-गेज लाइन को ब्रॉड-गेज ट्रैक में परिवर्तित करने के लिए राज्य के हिस्से के रूप में 491.05 करोड़ रुपये मंजूर किए. महाराष्ट्र रेल अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (महारेल) द्वारा क्रियान्वित 2,383 करोड़ रुपये की यह परियोजना लगभग 85 प्रतिशत पूरी हो चुकी है. संशोधित योजना के साथ राज्य का हिस्सा 20 प्रतिशत से बढ़कर 32.37 प्रतिशत हो गया है. राज्य सरकार को कुल 771.05 करोड़ रुपये की राशि देनी है, जिसमें 280 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है और मंगलवार को मिली मंजूरी से शेष 491.05 करोड़ रुपये का भुगतान हो गया है. बयान में कहा गया है कि इस परियोजना से नागपुर, गोंदिया, चंद्रपुर और गढ़चिरौली जिलों के बीच संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को लाभ होगा. यह नागभीड़ को वडसा-देसाईगंज और आगे गढ़चिरौली और गोंदिया से भी जोड़ेगा. महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने पालघर जिले के अचोले क्षेत्र में वसई-विरार नगर निगम को मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने हेतु भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है.

## महाराष्ट्र में भारी बारिश से 8 की मौत

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी बारिश से आम आदमी का पूरी तरह से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इसे लेकर मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बाढ़ के कारण राज्य में 8 लोगों के मौत हो गई है।
करीब 10 लोग घायल हुए हैं। बीड, धाराशिव जिले में भी बचाव कार्य जारी है। एनडीआरएफ ने हेलीकॉप्टरों की मदद से 27 लोगों को सही सलामत सुरक्षित निकाला गया है। 200 लोगों को अलग-अलग सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया है। फिर भी बाढ़ के कारण 8 लोगों की मौत और 10 लोग घायल हुए हैं।

# क्या दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी संभालेंगे फडणवीस?

### खुद सीएम ने दिया बड़ा बयान



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लेकर समय-समय पर चर्चा चलती रही है कि क्या बीजेपी में कोई बड़ी जिम्मेदारी संभालेंगे और दिल्ली आएंगे? इसी को लेकर जब एबीपी लाइव के खास शो 'इनसाइड आउट' में देवेंद्र फडणवीस से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जब तक यहां काम करना है करेंगे. उन्होंने कहा, ''जिस दिन कहेंगे दिल्ली काम करना है तो दिल्ली में करेंगे. जिस दिन कहेंगे कि दोनों जगह काम नहीं करना है तो घर जाऊंगा. ये बीजेपी है. सवाल खत्म हो चुका है. जवाब यही मिलेगा.'' सीएम से जब पूछा गया कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी हैं, संघ से बहुत करीब से जुड़े हैं तो आपका अगला बड़ा प्रमोशन कब होगा? इसपर देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ''जो लोग प्रधानमंत्री से जुड़े हैं और जानते हैं, प्रधानमंत्री मोदी के लिए फेवरेट (पसंदीदा) और नॉन फेवरेट (गैर पसंदीदा) कुछ नहीं होता है. हम गलती करते हैं तो डांट भी खाते हैं. डांट मिलती है.'' देवेंद्र फडणवीस ने एनसीपी-शिवसेना में टूट पर कहा कि मैंने कोई पार्टी नहीं तोड़ी है. परिस्थितियों ने तोड़ी है. उनके आपसी संबंधों के कारण पार्टी टूटी है. पार्टी टूटने का श्रेय उनके ही नेताओं को दिया जाना चाहिए. राजनीति में हम भजन करने तो नहीं आए हैं. पार्टियां टूटी तो मौका मिला तो राजनीति में जो एडवांटेज लेना चाहिए, हमने लिया. देवेंद्र फडणवीस ने अपने बारे में बताया कि मैं सामान्य व्यक्ति हूं, जो सामान्य लोगों को पसंद है, वो मुझे भी पसंद है. जीवन थोड़ा अनुशासित जरूर है. मैं इमोशनल व्यक्ति हूं, लेकिन कभी दिखेगा नहीं. मेरा व्यक्तित्व देखें तो मेरे अंदर कोई एक्सट्रीमिज्म नहीं है, एक बैलेंस नजर आएगा. हर चीज का बैलेंस मेरे व्यक्तित्व में नजर आएगा. मेरे अनुभव ने मेरे व्यक्तित्व को तैयार किया है. सीएम ने कहा, ''मुझे लॉन्ग ड्राइव पसंद है. रात को मैं बगैर सुरक्षा के निकल जाता हूं. दो तीन घंटे गाड़ी चलाता हूं. दोस्त के साथ निकल जाता हूं. खुद ही ड्राइव करके जाता हूं. ड्राइविंग का शौक रहा है.''

## जिल्हा वक्फ अधिकारी कार्यालय
## महाराष्ट्र राज्य वक्फ मंडळ, नागपूर

१ला मजला, हज हाऊस, गंजीपेठ नागपूर-४४००१८ फोन: ०७१२-२९९५८४२
संचिका क्र. ६१ / क्र. मरावंम/चौकशी/जि.व.का.ना./५५८/२०२५
दिनांक :- २२ -९ -२०२५

**(जाहीर प्रगटन)**

उम्मीद अधिनियम १९९५ च्या कलम ६९ अन्वये वक्फ संस्थेच्या योग्य प्रशासनाकरीता योजना मंजूर करणेबाबत.
वक्फ संस्थेच नाव व पत्ता : Hafiz Makbool Masjid Trust, At. Purana Mankapur, Ring Road, Tq. Nagpur, Dist. Nagpur (MSBW/NGP/367/2025)

उपरोक्त वक्फ संस्था महाराष्ट्र राज्य वक्फ मंडळात नोंदणीकृत असुन अर्जदार शेख असलम शेख अहेमद यांनी दिनांक 15/09/2025 रोजीच्या अर्जान्वये सदर संस्थेच्या व्यवस्थापनाकरीता महाराष्ट्र राज्य वक्फ मंडळाकडे प्रारुप योजना दाखल केलेली आहे. प्रारुप योजनेतील तरतूदीनुसार विश्वस्तांचा कार्यकाळ पाच (5) वर्षांचा असून व्यवस्थापन समिती निवडीची रित सर्वसाधारण सभेत बहुमताद्वारे निवडण्यात येईल अशी आहे. योजनेमध्ये नमूद प्रस्तावित व्यवस्थापन समिती खालीलप्रमाणे आहे:-

| अ. क्र. | नाव | पद |
|---|---|---|
| १. | नासिर आझम बक्षी | अध्यक्ष |
| २. | अलाउद्दीन अब्दुल रज्जाक शेख | उपाध्यक्ष |
| ३. | शेख असलम शेख अहेमद | सचिव |
| ४. | मोहम्मद फारुक मोहम्मद शरीफ पठाण | सह-सचिव |
| ५. | आसीफ कलाम शेख | खजिनदार |
| ६. | शेख शोयब शेख हमीद | सदस्य |
| ७. | मोहममद रोशन साबीर पठाण | सदस्य |
| ८. | नजीब नियामत उल्लाह खान | सदस्य |
| ९. | शेख पिर मोहम्मद शेख असलम पिजारा | सदस्य |
| १०. | इकबाल शेख वाहीद | सदस्य |
| ११. | सलमान वसिम खान | सदस्य |

सदर प्रारुप योजनेबाबत काही तक्रारी, आक्षेप असल्यास संबंधितांनी सदर नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 8 दिवसाच्या आत, जिल्हा वक्फ अधिकारी, नागपूर, 1 ला मजला, हज हाऊस, गंजीपेठ, नागपूर-440018 येथे आपले म्हणणे दाखल करावे. विहीत वेळेनंतर आक्षेप प्राप्त झाल्यास त्याची दखल घेण्यात येणार नाही. याची दक्षता घ्यावी.

(तौफिक अहमद)
जिल्हा वक्फ अधिकारी
नागपूर,

## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस




**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**

## सुविचार

माना दुनिया बुरी है सब जगह धोखा है,
किंतु हम तो अच्छे बनें, हमें किसने रोका है।

## संपादकीय

# शारदीय नवरात्रि पर अद्भुत संयोग

## 24 और 25 सितंबर दो दिन तृतीया तिथि, होगी मां चंद्रघंटा की पूजा



नवरात्रि नौ दिनों का त्योहार होता है, जिसमें नवदुर्गा की अराधना की जाती है. इसलिए नवरात्रि को नौ दिवसीय उत्सव भी कहा जाता है. लेकिन इस साल तिथि और ग्रह नक्षत्रों का ऐसा अद्भुत संयोग बना है, जिस कारण नवरात्रि 9 दिनों के बजाय 10 दिनों की होगी. नवरात्रि के तिथि के बढ़ने का कारण यह है कि, इस साल 2025 में शारदीय नवरात्रि में तृतीया तिथि दो दिन पड़ रही है. पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास के अनुसार, इससे पहले ऐसा अद्भुत संयोग साल 1998 में बना था. हालांकि उस वर्ष में तृतीया नहीं बल्कि चतुर्थी तिथि दो दिन पड़ी थी और भक्तों ने दो दिनों तक मां कूष्मांडा की पूजा की थी. वहीं 9 साल पहले भी शारदीय नवरात्रि 10 दिनों की पड़ी थी, जब प्रतिपदा तिथि दो दिन पड़ी थी. साल 2021 में नवरात्रि 9 नहीं बल्कि 8 दिन के ही थे, उस समय षष्ठी तिथि का क्षय हुआ था. पंचांग के अनुसार, 24 और 25 सितंबर को दोनों दिन तृतीया तिथि रहेगी. तृतीया तिथि दो दिन होने से 24 और 25 सितंबर को मां दुर्गा के तृतीया स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा दो दिन होगी. बता दें कि, नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग -अलग स्वरूपों की पूजा करते हैं, इनमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री देवी शामिल हैं. नवरात्रि के 9 दिनों के बाद 10वें दिन दशहरा मनाया जाता है. इस साल दशहरा 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा. नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा होती है. इन्हें देवी पार्वती का तीसरा स्वरूप माना जाता है. धार्मिक मान्यतानुसार, शिव से विवाह के बाद मां ने अपने माथे को अर्धचंद्रमा से सजाने लगीं. तब से इनका नाम चंद्रघंटा पड़ा. इनका वाहन बाघ है. मां चार हाथों में त्रिशूल, गदा, तलवार और कमंडल है. दाहिने हाथ में कमल, तीर, धनुष और जप की माला है. तो वहीं बायां हाथ वरमुद्रा और पांचवा दाहिना हाथ अभय मुद्रा में है. ज्योतिष के मुताबिक मां चंद्रघंटा शुक्र को नियंत्रित करती हैं और शत्रुओं का नाश करती हैं.

# क्या आपको पता है 'दुर्गा' में छिपे अक्षरों का मतलब?



नवरात्र हम सभी के जीवन का अनमोल पर्व है, जिसे हम पीढ़ी दर पीढ़ी श्रद्धा और उत्साह से मनाते आ रहे हैं। नवरात्र के नौ दिन पूरा भारत मां अंबे के जयघोष से गूंजता रहता है। महिलाएं अपने परिवार सहित मां शक्ति की उपासना और व्रत-पूजन करती हैं। यद्यपि वर्ष में चार बार नवरात्र आते हैं, पर चैत्र और आश्विन मास के नवरात्र ही विशेष महत्व रखते हैं। इसके अलावा आषाढ़ और माघ मास में गुप्त नवरात्र भी होते हैं, जिनका चलन कम है। ये चारों नवरात्र धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष- इन पुरुषार्थों के प्रतीक माने जाते हैं। गृहस्थ जीवन में व्यस्त रहने वाली स्त्रियों के लिए चैत्र और शारदीय नवरात्र ही अधिक महत्वपूर्ण माने जाते हैं। जब देवी पृथ्वी पर अवतरित होती हैं, तो उनका स्वरूप अत्यंत कोमल और अनुपम होता है। पांवों में कुमकुम, नूपुरों की मधुर झंकार, तेज और दीप्ति- ये सब स्त्री के दिव्य स्वरूप को प्रकट करते हैं। इसी कारण भारतीय परंपरा में स्त्रियों के नाम के साथ देवी जोड़ने की परंपरा रही है। देवी दुर्गा स्वयं कहती हैं - 'इस धरती पर स्त्रियों में जो सौंदर्य और सौभाग्य है, वह मेरा ही अंश है।' इस वर्ष शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक रहेंगे। इस साल तृतीया तिथि के बढ़ जाने से नवरात्र कुल 10 दिनों के है। हर नवरात्र में मां दुर्गा विभिन्न वाहनों से आती-जाती हैं।

श्रीमद्देवी भागवत महापुराण के अनुसार,'जब नवरात्र का आरंभ रविवार या सोमवार को होता है, तो मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं। हाथी पर माता का आगमन अति शुभ माना जाता है। यह संकेत देता है कि वर्ष में अच्छी वर्षा होगी, खेती-बाड़ी में उन्नति होगी, दूध और अनाज की प्रचुरता होगी तथा देश में सुख-समृद्धि का वास रहेगा। इस साल नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहा है यानी मां इस बार हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। वहीं माता का प्रस्थान इस बार 2 अक्तूबर, गुरुवार के दिन हो रहा है यानी इस बार माता का प्रस्थान मनुष्य वाहन से होगा, जो शांति, सौभाग्य और आनंददायक समय का प्रतीक है। शरद ऋतु में सामान्यतः रोगों की आशंका अधिक होती है। ऐसे समय में नवरात्र के व्रत और फलाहार स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। भारतीय गृहस्थ जीवन में शक्ति पूजन का विशेष महत्व है क्योंकि इससे मनुष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे शत्रुओं पर विजय पाता है। स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु यानी सभी स्त्रियां जगदंबा का ही रूप हैं। देवी उपासना से आत्मबल और मानसिक स्थिरता प्राप्त होती है।

दुर्गा नाम के अक्षरों का भी विशेष अर्थ है-दः दैत्य नाश,उः विघ्न नाश, रः रोग नाश, गः पाप नाश, आः भय और शत्रु नाश, इसीलिए 'ॐ दुं दुर्गायै नमः' मंत्र अत्यंत प्रभावशाली माना गया है। दुर्ग यानी हमारे भीतर छिपे शोक, रोग, भय, पाप, विकार ही असली राक्षस हैं, जिन्हें दूर करने के लिए मां की शरण में जाना आवश्यक है। नवरात्र की नौ रातों को तीन-तीन खंडों में विभाजित किया गया है: पहले तीन दिनः मां दुर्गा की उपासना, दुर्गुणों का अंत, मध्य के तीन दिनः मां लक्ष्मी की आराधना, आंतरिक शुद्धता और समृद्धि, अंतिम तीन दिनः मां सरस्वती की साधना, आत्मज्ञान की प्राप्ति, यही त्रिशक्ति साधना साधक के जीवन को सार्थक और सफल बनाती है।

कूर्म पुराण में नारी के जीवन को नवदुर्गा के स्वरूप से जोड़ा गया है: जन्म लेती कन्याः शैलपुत्री कौमार्य अवस्थाः ब्रह्मचारिणी, विवाह से पूर्व पवित्रताः चंद्रघंटा, गर्भधारण के समयः कूष्मांडा संतान जन्म के बादः स्कंदमाता, संयम और साधना से युक्तः कात्यायनी, पति, स्वयं की रक्षा करने वालीः कालरात्रि, संसार का उपकार करने वालीः महागौरी, सिद्धि देने वालीः सिद्धिदात्री.

# चैत्र और शारदीय नवरात्रि में क्या है फर्क?

हिंदू धर्म में नवरात्रि शक्ति उपासना का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है. साल में दो बार प्रमुख रूप से नवरात्रि आती है, चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि. दोनों ही नवरात्रियों में मां दुर्गा और उनके नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, लेकिन इनके समय, महत्व और धार्मिक मान्यताओं में कुछ अंतर होता है. आइए जानते हैं दोनों नवरात्रियों का अंतर और महत्व. साल में नवरात्रि 4 बार आती है जिसमें दो प्रमुख नवरात्रि होती हैं और दो गुप्त नवरात्रि.

गुप्त नवरात्रि को तंत्र साधना के लिए उत्तम माना जाता है. समय- चैत्र नवरात्रि वसंत ऋतु में, शारदीय नवरात्रि शरद ऋतु में. विशेष पर्व- चैत्र नवरात्रि में रामनवमी, शारदीय नवरात्रि में विजयादशमी. महत्व- चैत्र नवरात्रि साधना और आत्मशुद्धि, शारदीय नवरात्रि शक्ति और विजय की आराधना. लोकप्रियता- शारदीय नवरात्रि अधिक भव्य और व्यापक स्तर पर मनाई जाती है. दोनों ही नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की उपासना की जाती है. यह एक पावन अवसर होता है जहां मां के नौ दुर्गा को पूजते हैं. चैत्र नवरात्रि जहां साधना, आत्मशुद्धि और नए साल की शुरुआत का प्रतीक है, वहीं शारदीय नवरात्रि शक्ति, विजय और महिषासुर मर्दिनी मां दुर्गा के महाकाव्य युद्ध की याद दिलाती है.



### शारदीय नवरात्रि

आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक मनाई जाती है.इसे महानवरात्रि भी कहा जाता है और यह साल की सबसे प्रमुख नवरात्रि मानी जाती है. इस समय फसल कटने का मौसम और शरद ऋतु का आगमन होता है. शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, बिहार और पूर्वी भारत में किया जाता है. विजयादशमी (दशहरा) इसी नवरात्रि की समाप्ति पर मनाई जाती है.

### चैत्र नवरात्रि

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक मनाई जाती है. इस नवरात्रि से हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत होती है. इस समय प्रकृति में नई ऊर्जा और जीवन का संचार होता है. चैत्र नवरात्रि को विशेष रूप से साधना, तपस्या और आत्मिक शुद्धि के लिए श्रेष्ठ माना गया है. रामनवमी (भगवान श्रीराम का जन्मदिन) चैत्र नवरात्रि की नवमी को ही मनाई जाती है.

## धर्म

# अहोई अष्टमी पर पुनर्वसु नक्षत्र का योग



कार्तिक मास की अष्टमी तिथि को अहोई अष्टमी का पूजन और व्रत किया जाता है। इस व्रत में महिलाएं अपनी संतान की लंबी आयु के लिए व्रत करती है। अहोई अष्टमी पर निर्जला व्रत किया जाता है। इस दिन महिलाएं संतान की लंबी उम्र की कामना करती है। इस दिन अष्टमी तिथि 13 अक्टूबर को 12:24 रात को शुरू होगी और 14 अक्टूबर को दोपहर 11:09 ए एम बजे तक रहेगी। यह व्रत 13 अक्टूबर को रखा जाएगा। अहोई अष्टमी पूजा में इस साल 5:53 बजे शाम से 07:08 बजे तक का मुहूर्त रहेगा। पूजा का मुहूर्त कुल 1 घंटा रहेगा। इस व्रत में तारों को देखकर व्रत खोला जाता है। इस दिन तारे शाम को 6 बजकर 17 मिनट पर निकलेंगे। अहोई अष्टमी के दिन चन्द्रोदय का समय रात को 11:20 मिनट तक होगा। इस दिन ग्रह नक्षत्रों की बात करें तो आर्द्रा नक्षत्र भी दोपहर 12:28 तक रहेगा, जिसके बाद पुनर्वसु नक्षत्र आरंभ हो जाएगा। इस दिन परिघ योग सुबह 8:05 तक है। इसके अलावा इस दिन चंद्रमा मिथुन राशि में रहेंगे। इसके अलावा सूर्य कन्या राशि में रहेंगे। इस दिन पूजा के लिए सबसे जरूरी है चांदी की स्याऊ माता की माला बहुत खास होती है।

इस माला में हर साल चांदी के मनके लगाए जाते हैं। इसके अलावा मिट्टी के करवे भी खास माने जाते हैं।सास को दिए जाना वाला बायना जरूरी होता है। इनके बिना व्रत पूरा नहीं माना जाता है। इस दिन महिलाओं को चुड़ियां, काजल, लाल वस्त्र, सिंदूर, बिंदी आदि सास के बायने के लिए रखना चाहिए। इस दिन करवे या कलश जल भरने के लिए, अहोई माता की पूजा के लिए चांदी की माला के मनके, गंगाजल, फूल, धूपबत्ती, दीपक, गाय का घी, रोली, कलावा, अक्षत, गाय का दूध की जरूरत होती है। इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य एवं सटीक हैं। इन्हें अपनाने से पहले संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

## वास्तुशास्त्र

# घर में फिटकरी रखने से क्या लाभ होते हैं?



वास्तु और ज्योतिषीय दृष्टिकोण में फिटकरी कई परेशानियों को दूर करने में मददगार मानी गई है। वास्तु के अनुसार, घर के वास्तु दोष दूर करने में फिटकरी की भूमिका अहम है। कहा जाता है कि घर में फिटकरी रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और परिवार में सुख-शांति आती है, साथ ही धन संबंधी परेशानियां दूर होती हैं। जानें घर में वास्तु के अनुसार फिटकरी रखने के क्या लाभ होते हैं। वास्तु के अनुसार, धन रखने के स्थान या तिजोरी में एक फिटकरी का टुकड़ा लाल कपड़े में बांधकर रखने से धन संबंधी परेशानियां दूर होती हैं, साथ ही घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वास्तु के अनुसार, फिटकरी को कमरे में रखने से घर का वास्तु दोष दूर होता है और घर का वास्तु शुभ होता है। फिटकरी घर में सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सहायक मानी गई है। वास्तु के अनुसार, बाथरूम में एक कटोरी में फिटकरी रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर का वातावरण शुद्ध होता है। कहते हैं कि फिटकरी में नेगेटिव एनर्जी सोखने की शक्ति होती है। वास्तु के अनुसार, परिवार में सुख-शांति के लिए सोने से पहले एक गिलास में पानी में फिटकरी का टुकड़ा कर उसे ढक कर देना चाहिए। सुबह इसे बहते हुए पानी में बहा देना चाहिए। वास्तु के अनुसार, पर्स में फिटकरी का टुकड़ा रखना अत्यंत शुभ माना गया है। कहते हैं कि ऐसा करने से धन लाभ होता है। इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य एवं सटीक हैं। इन्हें अपनाने से पहले संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

# कन्यापूजन के लिए गिफ्ट आइडियाज



नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना की जाती है. भक्त व्रत रखते हैं और अष्टमी या नवमी के दिन कन्याओं को भोजन कराने के बाद ही समापन होता है. बच्चियों को तरह-तरह के उपहार दिए जाते हैं. इस साल नवमी 1 अक्टूबर को मनाई जाएगी.

जिसमें कन्या पूज के दौरान बच्चों के लिए क्या गिफ्ट लिया जाए, इसके बारे में ज्यादातर लोग विचार कर रहे होंगे. कुछ ऐसा जो उन्हें पसंद भी आए और आपके बजट में आ जाए. ज्यादातर लोग बर्तन गिफ्त करते हैं, लेकिन इसके अलावा आप बच्चों के यूज आने वाली चीजें दे सकते हैं अगर आपका गिफ्ट देने का बजट हर कन्या के लिए 50 से 100 रुपये की बीच है, तब आप सुंदर, उपयोग में आने वाले और प्यारी चीजें उन्हें गिफ्ट में दे सकते हैं. इस आर्टिकल में कुछ ऐसे गिफ्ट आइडियाज शेयर कर रहे हैं, जो इस बजट में आसानी से मिल सकते हैं.

**चॉकलेट और टॉफियों का कॉन्बो:** मार्केट में 50 से 100 रुपये के बीच चॉकलेट और टॉफियों का एक आकर्षक पैक तैयार किया जा सकता है. आप यह भी बच्चों को गिफ्ट में दे सकते हैं. आप इसमें अलग -अलग चॉकलेट दे सकते हैं. इसके अलावा सिर्फ चॉकलेट या चिप्स जैसी चीजें बच्चों को गिफ्ट दे सकते हैं.

**पर्स या छोटा हैंडबैग:** छोटी कन्याओं को सुंदर सा छोटे पर्स या हैंडबैग देना भी एक बेहतर ऑप्शन है. यह उन्हें अच्छा भी लगेगा और उनके काम भी आएगा. आपको इसमें 12 का सेट मिल सकता है. इसके अलावा आप अपनी जरूरत के मुताबिक मार्केट से इसे खरीद सकते हैं. आपको 50 से लेकर 100 तक में एक पर्स मिल जाएगा.



**छोटी बाल क्लिप्स या हेयर बैंड सेट:** लड़कियों को सजना-संवरना बचपन से ही पसंद होता है. आप रंग-बिरंगे हेयर क्लिप्स, रबर बैंड्स या फिर हेयरबैंड उन्हें गिफ्ट कर सकते हैं. इसमें आपको 50 से 100 रुपये का सेट मिल जाएगा. आजकल बच्चों के लिए बहुत ही यूनिक और सुंदर हेयर एक्सेसरीज उपलब्ध हैं.

**ड्राइंग बुक और रंग:** ज्यादातर बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट बहुत पसंद होता है. ऐसे में आप उन्हें ड्राइंग बुक या क्रेयॉन गिफ्ट दे सकते हैं. यह उन्हें पसंद भी आएगा और उनके काम भी आ सकता है. कलर में आपको सस्ती से लेकर मंहगी कई विरायटी मिल जाएगी.

**स्कूल स्टेशनरी का सामान:** बच्चों को गिफ्ट देने के लिए पेंसिल, रबर, शार्पनर, स्केच पेन और छोटी नोटबुक का सेट एक अच्छा ऑप्सन रहेगा. आप सिर्फ पेंसिल पाउच भी दे सकते हैं. आपको इसमें 12 का सेट मिल जाएगा. जो 200 से 300 रूपये तक में हो सकता है.

## आस्था

# अखंड ज्योति जलाने के नियम और महत्व

नवरात्रि का समय मां दुर्गा की आराधना करने के लिए सबसे उत्तम और पावन समय होता है. इस दौरान मां दुर्गा के नौ रुपों की आराधना की जाती है. मां दुर्गा की पूजा करते समय बहुत ही बातों का ख्याल रखना आवश्यक होता है. नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा में अखंड ज्योति जलाना अत्यंत शुभ और पवित्र माना जाता है. मान्यता है कि यह ज्योति पूरे नौ दिनों तक निरंतर जलती रहे तो घर में माँ दुर्गा का विशेष आशीर्वाद बना रहता है और नकारात्मक शक्तियां दूर रहती हैं. स्थान का चयन- ज्योति हमेशा पूजा स्थल या मंदिर स्थान पर ही जलाए. यह स्थान साफ-सुथरा और पवित्र होना चाहिए. घी या तेल का उपयोग. अखंड ज्योति में देसी घी का उपयोग शुभ माना जाता है. यदि संभव न हो तो तिल का तेल भी प्रयोग किया जा सकता है. निरंतर ज्योति- ज्योति पूरे नौ दिनों तक बिना बुझी जलनी चाहिए. इसके लिए पर्याप्त घी/तेल समय-समय पर डालते रहें. ज्योति की दिशा दीपक को इस तरह रखें कि उसकी लौ पूर्व या उत्तर दिशा की ओर रहे. इससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है. नियम और सावधानियां अखंड ज्योति को कभी अकेला न छोड़ें. घर का कोई न कोई सदस्य हमेशा ज्योति पर ध्यान रखे. दीपक को हिलाए या छेड़ें नहीं. सुरक्षा का ध्यान, दीपक को स्थिर स्थान पर रखें. पास में पानी या अग्निरोधक साधन रखें. अखंड ज्योति का महत्व- यह मां दुर्गा की कृपा को आकर्षित करती है. घर में सुख-शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि बनी रहती है. नकारात्मक ऊर्जा और बाधाए दूर होती हैं. पूरे परिवार पर देवी का आशीर्वाद बना रहता है.

## कहानी

# सती के खून से जन्मीं दो देवियां

माता सती के अंग जिन स्थानों पर गिरे वो जगह शक्तिपीठ बोली गईं। और इन शक्तिपीठों पर आज भी पूजा-अर्चना की जाती है। लोगों के बीच इन मंदिरों के प्रति गहरी आस्था है। माता के 52 शक्तिपीठों में से एक है देवास का मंदिर। जहां मान्यतानुसार देवी सती का कोई अंग नहीं बल्कि रक्त की दो बूंद गिरी थी। जिसकी वजह से इसे जागृत अवस्था में माना जाता है। रक्त की दो बूंद से बनीं दो देवियां तुलजा भवानी और चामुंडा देवी का स्वरूप मानी जाती हैं। यहां के कुछ पुजारियों का कहना है कि दोनों देवियों के बीच बड़ी मां और छोटी मां के रूप में जानी जाती हैं और दोनों के बीच बहन का रिश्ता है। एक बार दोनों में किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद से नाराज होकर दोनों ही माताएं अपना स्थान छोड़कर जाने लगीं। बड़ी मां पाताल में समाने लगीं और छोटी मां अपने स्थान से उठ खड़ी हो गईं और टेकरी छोड़कर जाने लगीं। माताओं को कुपित देख माताओं के गण (माना जाता है कि बजरंगबली माता का ध्वज लेकर आगे और भेरू बाबा मां का कवच बन दोनों माताओं के पीछे चलते हैं) हनुमानजी और भेरू बाबा ने उनसे क्रोध शांत कर रुकने की विनती की। इस समय तक बड़ी मां का आधा धड़ पाताल में समा चुका था। वे वैसी ही स्थिति में टेकरी में रुक गईं। वहीं छोटी माता टेकरी से नीचे उतर रही थीं। वे मार्ग अवरुद्ध होने से और भी कुपित हो गईं और जिस अवस्था में नीचे उतर रही थीं, उसी अवस्था में टेकरी पर रुक गईं। इस तरह आज भी माताएं अपने इन्हीं स्वरूपों में विराजमान हैं। इस मंदिर के पुजारी के मुताबिक देवी दिनभर में तीन रूप बदलती हैं। सुबह के समय बाल्यरूप में, दिन में युवा अवस्था में और रात में वृद्धावस्था में इनके दर्शन होते हैं। मध्य प्रदेश के देवास जिले में ये शक्तिपीठ विराजित है। जिसे रक्तपीठ के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर तक पहुचंने के लिए तीन रास्ते हैं। शहर देवास के बिल्कुल बीचोबीच ये मंदिर बना हुआ है। लगभग 300 फीट की ऊंचाई पर बने इस मंदिर तक गाड़ी या पैदल पहुंचा जा सकता है।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्थित योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।




सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.



नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# आखिरकार! जांभुलघाट स्थित 'मां महिला बचत समूह' की सस्ते अनाज की दुकान का लाइसेंस निलंबित

> खाद्य वितरण में अनियमितताओं का मामला बना निर्णायक
> आधिकारिक जाँच में समूह दोषी पाया गया, 9 महिलाओं के बयान पाए गए झुठे
> शिकायतकर्ता कांता मसराम का संघर्ष सफल

**चिमूर,**

जांभुलघाट स्थित माँ महिला बचत समूह के मामले ने एक बार फिर इस कहावत की पुष्टी है कि, सत्य हमेशा सत्य होता है। सस्ते अनाज के वितरण में गंभीर अनियमितताओं और गबन की शिकायत करने वाली कांता मसराम का संघर्ष आखिरकार सफल हो गया है। पिछले छह वर्षों से चल रही सस्ते अनाज की दुकान को आधिकारिक जाँच के बाद दोषी पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला आपूर्ति विभाग द्वारा की गई है, और संभावना है कि संबंधित समूह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस बनी निर्णायक मोड़

कांता मसराम द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस इस मामले में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। इस पत्र परिषद ने मामले को जनता और प्रशासन के ध्यान में लाया। इसके बाद, स्थानीय खाद्य आपूर्ति निरीक्षक प्रवीण वानखेड़े ने गहन जाँच की और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें समूह को दोषी पाया गया।

**समूह की 9 महिलाओं के झूठे बयान उजागर :** समूह की नौ महिलाओं ने शिकायतकर्ता कांता मसराम के खिलाफ झूठा बयान देकर संघर्ष को समाप्त करने का प्रयास किया। हालाँकि, आधिकारिक जाँच में यह बयान झूठा निकला। इसके कारण शिकायतकर्ता महिला को अनावश्यक रूप से कष्ट सहना पड़ा। फिर भी, उसने हार नहीं मानी और न्याय पाया।

**प्रतिक्रिया :** सच्चाई सामने आ गई है, स्वयं सहायता समूह का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। हालाँकि, समूह के अध्यक्ष और सचिव द्वारा मार्जिन लेनदेन में गबन के कारण, इस मामले में अदालत में अपील की जाएगी। सच के सामने झूठ की हार होती है, अन्याय को रोकने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक थी।

**-कांता मसराम, शिकायतकर्ता:**
**महिला स्वयं सहायता समूह सदस्य, जांभुलघाट**

**प्रतिक्रिया :** इस मामले में, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से खाद्यान्न वितरण में कुछ गंभीर त्रुटियाँ पाए जाने पर संबंधित स्वयं सहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। प्राप्त स्पष्टीकरण के आधार पर जाँच की गई। चूँकि उक्त जाँच में उनके द्वारा प्रस्तुत कारण संतोषजनक नहीं पाए गए, अतः उक्त स्वयं सहायता समूह को आगामी आदेश तक निलंबित किया जा रहा है। साथ ही, आगामी आदेश तक लाभार्थियों को खाद्यान्न का वितरण निकटवर्ती मांगलगाँव में संचालित अनाज की दुकान के माध्यम से किया जाएगा।

**-प्रवीण वानखेड़े, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक, चिमूर**

**बचत समूह के पदाधिकारियों की उड़ गई नींद :** मामला मीडिया में आने के बाद, समूह की अध्यक्ष स्नेहा कोवे और सचिव रीना चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोपों का खंडन करने का प्रयास किया। हालाँकि, प्रशासन द्वारा प्रस्तुत जाँच रिपोर्ट ने सभी आरोपों की पुष्टि की और खाद्यान्न वितरण में अनियमितताओं को उजागर किया।

**आगे कानूनी कार्रवाई के संकेत**

खाद्यान्न वितरण में हेराफेरी और कमीशनखोरी के चलते अब इस मामले में वित्तीय हेराफेरी की गहन जाँच की जाएगी। संबंधित समूह के अध्यक्ष और सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने की संभावना है और कानूनी कार्यवाही की तैयारी चल रही है।

# 72 वर्षीय मरीज ने दुर्लभ कैंसर पर पाई जीत, सावंगी में सफल इलाज

**चंद्रपूर.**




कैंसर उपचार में शीघ्र निदान के महत्व को रेखांकित करने वाले एक उल्लेखनीय मामले में, सिद्धार्थ गुप्ता मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल, सावंगी (मेघे) में मल्टिपल मायलोमा जैसे दुर्लभ और जटिल रक्त कैंसर से पीड़ित 72 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। रोगी लगातार तीन महीनों तक तीव्र दर्द और मुंह में बढ़ती हुई गांठ से परेशान थीं। अगस्त 2025 में उन्हें सिद्धार्थ गुप्ता मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल, सावंगी (मेघे) में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक बायोप्सी और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री (आईएचसी) जांच में प्लाज़्मासायटोमा दर्शाने वाले घातक प्लाज़्मा सेल डिपॉज़िट पाए गए। इसके बाद किए गए सीटी स्कैन में रीढ़ की हड्डियों में कई गांठें दिखाई दीं। बोन मैरो बायोप्सी, एस्पिरेशन और सीरम क्वांटिटेटिव इम्यूनोफिक्सेशन इलेक्ट्रोफोरेसिस (एसक्यूआईएफ) जाँच के बाद मल्टिपल मायलोमा का निदान सुनिश्चित हुआ।

डॉ. प्रज्ञा मोडक (फुल-टाइम कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी) और समर्पित मेडिकल ऑन्कोलॉजी टीम के डॉ. अमन सोंडौले और डॉ. राहुल अरोरा की विशेषज देखरेख में मरीज का तुरंत वीटीडी रेजिमेन बोरटेज़ोमिब, थैलिडोमाइड और डेक्सामेथासोन से लक्षित उपचार शुरू किया गया। परिणाम बेहद उल्लेखनीय रहे केवल चार हफ्तों में ही मुंह की गांठ पूरी तरह गायब हो गई और पीठ का दर्द भी काफी कम हो गया।

इस मामले पर बोलते हुए डॉ. प्रज्ञा मोडक ने कहा 'यह मामला शीघ्र निदान और प्रमाण-आधारित, लक्ष्यित उपचार की शक्ति को उजागर करता है। मल्टिपल मायलोमा जैसे दुर्लभ और आक्रामक कैंसर में भी, समय पर निदान और संपूर्ण उपचार से परिणाम पूरी तरह बदल सकते हैं। यह मामला हम सभी को एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि नियमित स्वास्थ्य जांच, न सुलझने वाले लक्षणों पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श और समय पर उपचार जीवन बचा सकते हैं। अत्याधुनिक जांच सुविधाओं और उन्नत उपचार पद्धतियों के साथ, एसजीएमएच व्यापक कैंसर केयर में नए मानदंड स्थापित कर रहा है - जहा आशा केवल संभावना नहीं बल्कि वास्तविकता बन जाती है।

# अधीक्षक अजय सोनुले का जबरन स्थानांतरण

>जांभुलघाट शासकीय आश्रम विद्यालय का मामला
>आश्रम विद्यालय में छात्रों की स्वास्थ्य समस्याओं के मामले में आखिरकार मिल गया न्याय
>विभागीय जाँच जारी
>कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अभी भी लंबित

**चिमूर.**




चिमूर तहसील के जांभूलघाट स्थित शासकीय माध्यमिक आश्रम विद्यालय के 267 छात्रों के बीमार पड़ने की एक गंभीर घटना घटी। पाया गया है कि इन छात्रों की बीमारी का कारण बासी भोजन, दूषित पानी, अपर्याप्त स्वच्छता और आवश्यक सुविधाओं का अभाव था।

इस मामले ने स्थानीय प्रशासन की लापरवाही पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है और विद्यालय अधीक्षक अजय सोनुले का तत्काल जबरन स्थानांतरण कर उन्हें गोंदिया जिले के देवरी तालुका के पुराडा स्थित आश्रम विद्यालय में पदस्थ कर दिया गया है। इस घटना की विभागीय जाँच भी शुरू कर दी गई है। इस मामले में अभिभावकों और आदिवासी संगठनों ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताई थी और सभी छात्रों को वापस घर ले गए थे। इससे शैक्षणिक व्यवस्था भी प्रभावित हुई। चूँकि मामला अपर आदिवासी आयुक्त के न्यायालय में था, इसलिए उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों और आदिवासी संगठनों की माँगों का समर्थन करते हुए अधीक्षक का जबरन तबादला करके न्याय प्रदान किया। बताया गया है कि पूरे मामले की सच्चाई जानने के लिए विभागीय जाँच शुरू की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, इस घटना के सामने आने के बाद, विदर्भ के अन्य सरकारी और अनुदान प्राप्त आश्रम विद्यालयों की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन ने देर-सवेर इस मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। यदि विभागीय जाँच में दोषी पाए जाते हैं, तो कार्यरत कर्मचारियों पर भी कार्रवाई होने की संभावना है।

**प्रतिक्रिया :** जांभुलघाट आश्रम स्कूल का मामला आदिवासी संगठनों और छात्रों की शिकायतों का मामला था, और तदनुसार, अधीक्षक का प्रशासनिक रूप से जबरन तबादला कर दिया गया। उस मामले की विभागीय जाँच भी शुरू कर दी गई है।

**– आयुषी सिंह, अप्पर आयुक्त**
**आदिवासी विभाग नागपुर**

**विभागीय जाँच शुरू :** आश्रम विद्यालय में हुए इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए, अपर आयुक्त कार्यालय के माध्यम से जाँच कराई गई और अधीक्षक का जबरन तबादला करके उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। हालाँकि, विभागीय कार्रवाई शुरू हो चुकी है, इसलिए यदि अधीक्षक दोबारा दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें निलंबित किया जाएगा। बताया गया है कि यदि इस जाँच में अन्य अधिकारी और कर्मचारी दोषी पाए जाते हैं, तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# गढ़चिरोली में होगा 'ग्लैम फेस ऑफ महाराष्ट्र - सीजन 2'



**गढ़चिरोली.** JTM स्टार इवेंट के द्वारा गढ़चिरोली में "ग्लैम फेस ऑफ महाराष्ट्र – सीजन 2" फैशन शो और मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मॉडलिंग कॉम्पिटिशन, मेकअप, मेहंदी और अवॉर्ड फंक्शन जैसी प्रतियोगिताएँ होंगी। इस भव्य कार्यक्रम में सेलिब्रिटी अभिनेत्री माधुरी पवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। आयोजन का दायित्व ज्योति उंडीरवाडे (सेलिब्रिटी इवेंट ऑर्गनाइज़र, गडचिरोली) निभा रही हैं। कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सुमानंद हॉल, गढ़चिरोली में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए खुली है। रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7588490407 पर संपर्क करने की अपील आयोजकों द्वारा की गई है।

> धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान

# ग्राम स्तर पर विकास योजनाओं को गति प्रदान करना: मासिरकर



**गढ़चिरोली.**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पहल, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान और आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास से संबंधित महत्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में मार्गदर्शन हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जनजातीय कार्य मंत्रालय, दिल्ली की निदेशक (टीआरआई एवं मीडिया) दीपाली मासिरकर उपस्थित थीं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अविश्यंत पांडा, सहायक जिला कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी कुशल जैन (अहेरी), रंजीत यादव (गढ़चिरौली) और अमर राउत (भामरागढ़) उपस्थित थे। बैठक के दौरान, कर्मयोगी जिला मास्टर प्रशिक्षकों, ब्लॉक मास्टर प्रशिक्षकों और ग्राम मास्टर प्रशिक्षकों को लाइव और ऑनलाइन माध्यमों से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। ग्राम स्तर पर विकास योजनाएँ तैयार करने, आदि सेवा केंद्रों की स्थापना करने और अभियान को प्रभावी एवं व्यापक रूप से क्रियान्वित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बताया गया कि इस पहल के माध्यम से प्रत्येक गाँव के लिए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास योजनाएँ तैयार की जाएँगी और आदिवासी समुदाय की समग्र प्रगति के लिए विभिन्न सरकारी पहलों को अधिक समन्वित तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा। दीपाली मासिरकर ने कल और आज अभियान के क्रियान्वयन का निरीक्षण करने के लिए सवेला, कडीकट्टा, वाडेगांव और पुराडा गाँवों का दौरा किया।

# जंगली हाथी की मार से फसलों को भारी नुकसान, मुआवजे की माँग



**गढ़चिरोली.**

मौजा रजगाटा माल के किसानों ने जंगली हाथियों द्वारा कुचले जाने से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए जिलाधिकारी कार्यालय को निवेदन सौंपा है। लगातार जंगली हाथियों के आनेजानेसे खेतों में बोए गए धान समेत अन्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों पर आर्थिक संकट गहराया है।

किसानों ने प्रशासन से प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा देने की माँग की है। साथ ही नुकसान का त्वरित पंचनामा कर शासन को प्रस्ताव भेजने की अपील भी की है।

निवेदन पर सखुबाई मडावी, मायाबाई गोंड, सिसाई मडावी, विमला आदम, पुष्पा मारोती मेश्राम, वंध्याला लेगुडे, मंदा टेम्भरे, कांताबाई भंडारवार और नुसाबाई झरे सहित अन्य किसानों के हस्ताक्षर और अंगूठे दर्ज हैं।

# लॉयड मेटल की मिनी बस की टक्कर में मृतक प्रकाश कावळे के परिवार को न्याय मिले

MIM पार्टी की ओर से पुलिस अधीक्षक निलोत्पल साहब को ज्ञापन सौंपा गया

**गढ़चिरोली.**

शहर की पोटेगांव रोड पर गोंडवाना कला दालन के सामने, रामनगर निवासी प्रकाश कावळे को 13 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे लॉइड एंड मेटल्स कंपनी के लेबल वाले मिनी ट्रैवल्स ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मृतक प्रकाश के छातियों की दोनों साइड की पसलियां टूट चुकी थी। अगले दिन चल रहे इलाज के दौरान प्रकाश कावळे मौत हो गई।

प्रकाश कावळे गरीब परिवार के परिवार प्रमुख थे। उनके निधन के बाद परिवार को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। परिवार छोटे घर में खुशी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहा था, लेकिन इस दुर्घटना ने उनके जीवन में बड़ा अंधेरा छोड़ दिया है।

MIM पार्टी ने प्रकाश कावळे के परिवार को न्याय दिलाने और उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराने की मांग की।

इसके लिए ट्रेंड मॉल में मौजूद सीसीटीवी फुटेज की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि मिनी ट्रैवल्स पर लॉइड एंड मेटल्स कंपनी का लेबल लगा हुआ था या नहीं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष बाशिद शेख, जिला उपाध्यक्ष विपिन सूर्यवंशी, सोशल मीडिया प्रमुख जावेद शेख, गोरक्षक दल के जिला अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष तौफिक सय्यद, युवा आघाड़ी शहर अध्यक्ष मुन्ना रामटेके, विद्यार्थी संगठन के जिला अध्यक्ष मुस्ताक सय्यद, तालुका अध्यक्ष करण मोहुर्ले, रेहान शेख, MIM महिला आघाड़ी जिला अध्यक्ष आयशा अली सय्यद, महिला कार्याध्यक्ष शगुप्ता शेख, महिला जिला उपाध्यक्ष जयाताई कोंडे, उज्वला क्षिरसाठ, किरण सहारे सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# ओबीसी विद्यार्थियों के लिए छात्रावास व योजना प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**गढ़चिरोली.**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), विमुक्त जाति, भटक्या जमाती तथा विशेष पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु शासकीय छात्रावास प्रवेश प्रक्रिया की ऑनलाइन नोंदणी शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में शासकीय छात्रावासों के साथ-साथ ज्ञानज्योती सावित्रीबाई फुले आधार योजना और पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वयंम योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रवेश दिया जाएगा।

**प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन:** विद्यार्थी http://hmas.mahait.org इस सरकारी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 से 29 सितंबर 2025 तक निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन भरने के बाद उसकी प्रिंट कॉपी और आवश्यक दस्तावेज संबंधित छात्रावास प्रमुख को प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**प्रवेश मानदंड व प्राथमिकता :** शासकीय छात्रावासों में प्रवेश मेरिट सूची और छात्रावास की क्षमता के अनुसार दिया जाएगा। योग्य होने के बावजूद यदि किसी छात्र को छात्रावास में जगह नहीं मिलती है, तो उसे स्वयंम व आधार योजना के अंतर्गत प्रवेश का अवसर प्रदान किया जाएगा। इससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क :** अधिक जानकारी हेतु गढ़चिरोली स्थित ओबीसी, विशेष पिछड़ा वर्ग और भटक्या जमाती छात्र-छात्राओं के शासकीय छात्रावास के गृहपाल या सहायक संचालक, अन्य पिछड़ा बहुजन कल्याण कार्यालय, गढ़चिरोली से संपर्क करें, ऐसा आवाहन डॉ. सचिन मडावी, सहायक संचालक, ओबीसी बहुजन कल्याण विभाग, गढ़चिरोली ने किया है।

# त्र्यंबकेश्वर में पत्रकारों पर हुए हमले के सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए

> चिमूर तालुका व्हॉइस ऑफ मीडिया की मांग

**चिमूर.**




नाशिक जिले के त्र्यंबकेश्वर में रिपोर्टिंग करने गए पत्रकारों पर हमला करने वालों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई

की मुख्य मांग को लेकर चिमूर तालुका व्हॉइस ऑफ मीडिया के तालुका अध्यक्ष राजू रामटेके के नेतृत्व में उप-विभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों पर हुए हमले के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया।

दिनांक 20 सितंबर 2025 शनिवार को नाशिक जिले के त्र्यंबकेश्वर में रिपोर्टिंग के लिए गए झी 24 तास के ब्यूरो चीफ योगेश खरे, साम टीवी के ब्यूरो चीफ अभिजीत सोनवणे और पुधारी न्यूज़ के ब्यूरो चीफ किरण ताजणे पर स्वामी समर्थ केंद्र के पास पार्किंग में काम कर रहे गुंडों ने पत्थरों, लठ्ठों-बुक्के आदि से गंभीर हमला किया। इस हमले में किरण ताजणे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभि उनका इलाज चल रहा है। चिमूर उप-विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापण में कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए कहा गया कि, पत्रकारों पर इस तरह के बार-बार हमले की घटनाए लोकतंत्र को कलंकित करती है जो चौथे स्तंभ पर हमला करते है। यह एक गंभीर मामला है। पत्रकार समाज में सच्ची घटनाओं की आवाज बनते हैं। वे अन्याय, भ्रष्टाचार और सामाजिक मुद्दों को प्रकाश में लाने के लिए दिन-रात काम करते हैं। ऐसे व्यक्तियों पर हमले बेहद निंदनीय और असहनीय हैं। इस मामले में सभी हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। राज्य में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा विशेष कदम उठाए जाएं तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ठोस व प्रभावी नीति बनाए। उपविभागीय अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन में विभिन्न मांगें की गईं। ज्ञापन सौंपते समय व्हॉइस ऑफ मीडिया के तालुका अध्यक्ष प्रा. राजू रामटेके, जिला महासचिव श्रीहरी सातपुते, जितेंद्र सहारे, प्रमोद राऊत, वंदना घोनमोड़े, उमेश शंभरकर, नितिन पाटिल, राजकुमार चुनारकर, विकास खोबरागड़े, संजय नागदेवते, फिरोज पठान, रामदास ठुसे, विलास कोराम, योगेश सहारे, कलीम शेख, रामदास हेमके, भरत बंडे सहित बड़ी संख्या में अन्य पत्रकार उपस्थित थे।



# नेशनल अवॉर्ड की शाम का 'सितारा'

जिस पर फिदा हुए शाहरुख आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' ने हमें बताया कि कुछ सितारे जमीन पर भी होते हैं, लेकिन उनकी चमक शोर मचाती नहीं, बल्कि चुपचाप दिल को छू लेती है. नेशनल अवॉर्ड्स 2025 के मंच पर ऐसा ही एक सितारा अपनी एक्टिंग की रोशनी बिखेर रहा था, जिसका नाम है भार्गव रत्नाकर जगताप. फिल्म 'नाल 2' में अपनी मासूमियत और बेमिसाल अदाकारी के लिए उन्हें बेस्ट चाइल्ड एक्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला. नेशनल अवॉर्ड जीतने के साथ-साथ जब खुद बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने उनके हाथ को थामा, उन्हें गले लगाया, तो भार्गव की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. तो आइए नेशनल अवॉर्ड 2025 में सभी का दिल जीतने वाले इस 'सितारे' के बारे में बात करते हैं.

दुनिया भले ही भार्गव को एक 'स्पेशल चाइल्ड' मानती हो, लेकिन उनकी कला ने साबित कर दिया कि वो असाधारण हैं. जहां दूसरे बच्चों के लिए बोलना और चलना आसान होता है, वहीं भार्गव अपनी हर एक मुस्कान-आंखों के भाव और कम शब्दों से



वो सब कह देते हैं, जो बड़े-बड़े डायलॉग भी नहीं कह पाते.अवॉर्ड सेरेमनी के बाद भार्गव जगताप की मुलाकात खुद शाहरुख खान से हुई. जब शाहरुख ने भार्गव को देखा तो उन्होंने बड़े प्यार से उनके साथ हाथ मिलाया और उन्हें गले लगा लिया. इस बीच किंग खान ने इस नए कलाकार की पीठ भी पीठ थपथपाई.

फिल्म 'नाल 2' भार्गव के लिए वो आसमान बनी, जहां उन्हें चमकने का खूब मौका मिला. इस फिल्म में उनका किरदार इतना सच्चा और दिल को छूने वाला था कि देखने वाले भूल गए कि वो एक्टिंग कर रहे हैं. उन्होंने अपने किरदार के दर्द, खुशी और उम्मीद को इस तरह से दिखाया कि हर दर्शक की आंखें नम हो गईं. उनकी अदाकारी में कोई दिखावा नहीं था, बस एक सच्चाई थी, जो सीधे दिल तक पहुंच गई. भार्गव की इस फिल्म को 'सैराट' फेम नागराज मंजुले ने प्रोड्यूस किया है और सुधाकर रेड्डी फिल्म के निर्देशक हैं.

दिलचस्प बात ये है कि भार्गव को 'नाल 2' के लिए बिल्कुल अचानक चुना गया था. भले ही भार्गव के पिता रत्नकांत जगताप खुद फिल्म इंडस्ट्री में हैं और अपने बेटे के लिए काम की सिफारिश कर सकते थे, लेकिन उन्होंने हमेशा उसकी पढ़ाई पर प्राथमिकता दी थी. एक दिन रत्नकांत जगताप भार्गव को लेकर एक फिल्म के प्रीमियर पर गए थे. वहां 'नाल 2' के कास्टिंग डायरेक्टर की नजर भार्गव पर पड़ी. उन्हें भार्गव की मासूमियत और उनका अंदाज बहुत पसंद आया. उन्होंने तुरंत भार्गव के माता-पिता से 'मणि' के किरदार के लिए बात की. इतने बड़े प्रोजेक्ट से मौका मिलते ही रत्नकांत जगताप ने तुरंत हां कह दिया. 'नाल 2' के लिए शूटिंग शुरू होने से पहले भार्गव ने 14 दिनों की वर्कशॉप में भी हिस्सा लिया और आखिर में 'नाल 2' के तीन अहम किरदारों में से एक के लिए उन्हें चुन लिया गया. शहरी माहौल में रहने वाले भार्गव ने सिर्फ 14 दिनों में गांव की जिंदगी, वहां के माहौल और बचपन को पूरी तरह से सीख लिया. नागराज मंजुले हमेशा अपने फिल्मों में नए कलाकारों को मौका देते हैं और उनका ये फैसला हमेशा सही साबित होता है. भार्गव के साथ भी यही हुआ, 'नाल 2' के कारण भार्गव का फिल्मी दुनिया से गहरा रिश्ता जुड़ गया.

**परिवार भावुक हुआ**

23 सितम्बर को नई दिल्ली में हुए नेशनल अवॉर्ड्स 2025 के समारोह में जब बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट के लिए भार्गव का नाम पुकारा गया, तब पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. जब भार्गव मंच पर गए तब वहां मौजूद उनके माता-पिता और भाई की आंखों में आंसू भी थे और भार्गव के लिए गर्व भी. वो चमक सिर्फ अवॉर्ड की नहीं, बल्कि अपने बेटे के सपने को सच होते देखने की भी थी.



## मेडल संभालते दिखे एसआरके

मंगलवार को राजधानी दिल्ली में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा। कई फिल्मों में साथ काम करने वाले ये दोनों कलाकार एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं और इनके बीच अच्छी दोस्ती भी है। दोनों ने एक ही दिन अपना राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किया है। दोनों काफी उत्साहित दिखे और इसी दौरान दोनों के बीच खास पल भी देखने को मिले, जहां दोनों एक-दूजे को सपोर्ट करते नजर आए। दोनों की खूबसूरत बॉन्डिंग के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनसे लोग अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे।

इसके के अलावा एक और वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आगे-आगे रानी मुखर्जी चलती नजर आती हैं। इसी दौरान शाहरुख खान पीछ-पीछे चलते हुए उनका पल्लू संभालते हैं और एक जगह दोनों खड़े हो जाते हैं, इस दौरान रानी अपने बालों के लेकर कुछ कहती हैं और तभी शाहरुख झट से उनके बाल अपने हाथों से संवारते हैं। आस पास खड़े लोग दोनों को देखते हैं और उनकी जोड़ी की तारीफ करते हैं। कई लोगों को झट से 'कुछ कुछ होता है' के टीना और राहुल की याद आ जाती है। यह छोटा सा जेस्चर फैंस को 'कुछ कुछ होता है' के राहुल-टीना की याद दिला गया। एक यूज़र ने लिखा, 'राहुल-टीना मोमेंट है ये तो।' दूसरे ने कहा, 'रानी कितनी प्यारी हैं यार, शाहरुख का मेडल भी पहनाया और फोन से चेक भी करवाया।

# हल्दी सेरेमनी में अविका-मिलिंद का जश्न

टीवी की आनंदी यानी अविका गौर की अब रियल लाइफ में शादी होने जा रही है. मिलिंद चंदवानी संग उनकी शादी की पूरी तैयारियां हो चुकी हैं. कलर्स चैनल पर अविका और मिलिंद सात फेरे लेगें और उनके इस खास दिन की साक्षी पूरी दुनिया बनने वाली है. अविका गौर और मिलिंद चंदवानी की शादी 30 सिंतबर को होने वाली है. लेकिन कपल की हल्दी सेरेमनी का आयोजन 23 सिंतबर को हुआ. सोशल मीडिया पर अविका की हल्दी सेरेमनी की फोटो और वीडियो जमकर वायरल हो रही है. बता दें अविका गौर 28 साल की हैं और उनके होने वाले पति मिलिंद उनसे 6 साल बड़े हैं. ऐसे में उनकी 32 साल है. अविका और मिलिंद ने जुलाई के आखिरी सप्ताह में सगाई की थी. उसके बाद वो पति पत्नी और पंगा शो में शामिल हुए थे.

इस खास मौके पर अविका गौर और मिलिंद चंदवानी की फैमिली भी शामिल हुई. सबने जमकर खूब मस्ती की. अविका गौर और मिलिंद चंदवानी ने इस दौरान अपनी फैमिली के साथ जमकर पोज दिए.अविका गौर और मिलिंद चंदवानी की हल्दी सेरेमनी में कोई खास ड्रेस कोड नहीं रखा गया था.

मिलिंद और अविका इस खास मौके पर बेहद खुश और मस्ती के मूड में दिखे. अविका और मिलिंद की हल्दी सेरेमनी में टीवी की नागिन तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा को भी इंवाइट किया गया था.

तेजस्वी और करण इस दौरान पूरी तरह से हल्दी में सने हुए नजर आए.



# मोहनलाल की स्पीच ने जीते दिल

## अवॉर्ड फंक्शन में दिखी स्टार पावर

मलयालम सिनेमा के लीजेंड और भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे सम्मानित कलाकारों में से एक मोहनलाल को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान भारत के सर्वोच्च फिल्म सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' से नवाजा गया। यह समारोह मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। 65 वर्षीय मोहनलाल ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए मंच से एक भावुक और प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसने लोगों का दिल जीत लिया है। अब एक्टर की स्पीच वायरल हो रही है और इसे बार-बार सुना जा रहा है। उन्होंने कहा, 'आज इस मंच पर खड़े होकर मुझे गर्व और गहरी कृतज्ञता का अनुभव हो रहा है। दादा साहब फाल्के पुरस्कार, जो भारतीय सिनेमा के पितामह के नाम पर भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है, प्राप्त करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय सम्मान है।' मोहनलाल ने इस पुरस्कार को सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे मलयालम फिल्म उद्योग की सामूहिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, 'मैं गर्व से कहता हूं कि इस सम्मान को प्राप्त करने वाला मैं मलयालम सिनेमा का सबसे कम उम्र का प्रतिनिधि और राज्य से दूसरा व्यक्ति हूं। यह क्षण मेरे लिए ही नहीं, बल्कि मलयालम सिनेमा की पूरी रचनात्मक विरासत के लिए है।'अब तक 300 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके मोहनलाल को भारतीय सिनेमा के महानतम अभिनेताओं में गिना जाता है। उनकी लोकप्रिय फिल्मों में दशरथम, आराम थम्बुरन, *स्पादिकम*, और ग्रैंडमास्टर जैसे नाम शामिल हैं। हाल ही में उन्होंने बेसिल जोसेफ और मालविका मोहनन के साथ 'हृदयपूर्वम' नामक रोमांटिक ड्रामा फिल्म में काम किया.मोहनलाल ने आगे कहा, 'मैं इस पुरस्कार को हमारी सिनेमाई परंपरा, रचनात्मकता और लचीलापन के प्रति एक सामूहिक श्रद्धांजलि मानता हूँ।

# हो गई नए यूनिवर्स की एंट्री

## 'स्पाई'-'कॉप' की होगी छुट्टी!




बॉलीवुड में इस वक्त तीन बड़े यूनिवर्स धमाल मचा रहे हैं. सबसे पहले 'YRF स्पाई यूनिवर्स' की एंट्री हुई, जिसमें टाइगर-पठान आए. उसके बाद रोहित शेट्टी अपना 'कॉप यूनिवर्स' लाए. जहां बाजीराव सिंघम के साथ सिम्बा-सूर्यवंशी भी आया. इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा में दिनेश विजन का 'मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स' है. जिसमें स्त्री, भेड़िया और अब थामा आ रहा है. इन तीन बड़े यूनिवर्स ने बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों छापे हैं. अब बारी है फॅमिली यूनिवर्स की. जिसका ऐलान फ़िरोज़ नदिअड्वाला ने कर दिया है. वो मैसिव सिनेमैटिक यूनिवर्स शुरू करने जा रहे हैं.

हाल ही में एक न्यूज वेब साइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि अब्दुल करीम नाडियाडवाला की 115वीं बर्थ एनिवर्सरी पर इस यूनिवर्स की शुरुआत होगी. जिसमें आपकी पसंदीदा कॉमेडी फ्रेंचाइजी को शामिल किया जाएगा. इस यूनिवर्स में कई फिल्मों के सीक्वल के साथ ही प्रीक्वल भी होंगे, हेरा-फेरी और वेलकमफिरोज नाडियाडवाला से मिली जानकारी के मुताबिक, कई फिल्मों के अगले पार्ट फैमिली यूनिवर्स में शामिल किए जाएंगे. जिसमें- आवारा पागल दीवाना, आन: मेन एट वर्क, दीवाने हुए पागल, हेरा फेरी 3 और वेलकम के नए पार्ट होंगे. उनके मुताबिक, इसका मेन फोकस है कि सभी तरह की फिल्मों के लिए एक अलग यूनिवर्स बनाया जा सके. जिसे लोग परिवार के साथ बैठकर देख सके. यह एक फ्रेश अप्रोच है, जिसमें कॉमेडी, रोमांस और थ्रिल होगा, जिसे सभी उम्र के लोग देख पाएंगे.

वहीं इस यूनिवर्स में जितनी भी फिल्में शामिल होंगी, वो क्लीन एंड लार्जर देन लाइफ होगी. हर यूनिवर्स की खासियत होती है, उसमें होने वाला क्रॉसओवर. उन्होंने कहा कि फिल्मों में नए और पुराने दोनों तरह के एक्टर्स होंगे. साथ ही एक फिल्म फ्रेंचाइजी के किरदार दूसरी फिल्म में भी दिख सकते हैं. जैसे वेलकम के कैरेक्टर्स हेरा फेरी की तिकड़ी से मिलते दिखेंगे. साथ ही यह क्रॉसओवर मस्ती और एंटरनेटमेंट के साथ ही दर्शकों को नया एक्सपीरियंस देगा. उनका मानना है कि ग्रैंड स्केल के साथ ही क्लीन कॉमेडी बॉक्स ऑफिस पर जीत का फॉर्मूला है. दरअसल अक्षय कुमार इस यूनिवर्स का हिस्सा हैं, क्योंकि कई फिल्मों में वो दिखने वाले हैं, तो उन्हें बहुत फायदा होगा.

# दीपिका पादुकोण की मांगों पर मतभेद

दीपिका पादुकोण पहले संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर हुईं. उसके बाद नाग अश्विन के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' से भी उनके पत्ता कट गया. इन दोनों फिल्मों के हीरो प्रभास हैं. ऐसे में चर्चा शुरू हो गई कि दीपिका प्रभास की वजह से फिल्म से बाहर हुई हैं. हालांकि, 'कल्कि 2' से दीपिका के बाहर होने की दूसरी वजह सामने आई है.



एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दीपिका ने पहले पार्ट की शूटिंग के दौरान ही दूसरे पार्ट के लिए 20 दिन की शूटिंग की थी. वहीं दीपिका ने दूसरे पार्ट के लिए 25 परसेंट अपनी फीस बढ़ाने की मांग की और उनकी यही डिमांड उनपर भारी पड़ गई. रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि उन्हें पूरा यकीन था कि उन्हें रिप्लेस नहीं किया जाएगा.

रिप्लेस न किए जाने को लेकर दीपिका को इसलिए पूरा भरोसा था, क्योंकि 'कल्कि' के पहले पार्ट में उनके किरदार को काफी प्यार मिला था. ऐसे में दीपिका ने अपनी फीस बढ़ाने की डिमांड की और उन्हें इस फिल्म से बाहर का रास्ता दिखा दिया. बैक टू बैक दीपिका 2 फिल्मों से बाहर हो चुकी हैं. अब देखना होगा कि मेकर्स दीपिका की जगह 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' में किस एक्ट्रेस को कास्ट करते हैं.

संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद ये खबर आई थी कि दीपिका ने 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड की थी. उन्होंने कहा था कि वो इससे ज्यादा काम नहीं करेंगी.

इसी वजह से उन्हें उस फिल्म से हाथ धोना पड़ गया था. उनके बाद मेकर्स ने इस फिल्म में प्रभास के अपोजिट तृप्ति डिमरी को कास्ट किया है. ये एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है,

जो साल 2026 में रिलीज होने वाली है. ये पहली बार है जब प्रभास और तृप्ति एक साथ किसी फिल्म में काम कर रहे हैं. हालांकि, तृप्ति पहले भी संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म में काम कर चुकी हैं. वो रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' में दिखी थीं, जिसे संदीप ने डायरेक्ट किया था.

# गर्लफ्रेंड को फिल्म में लेना चाहते थे रणबीर

## 12 साल पुरानी फ्लॉप फिल्म



फिल्म बनाने से पहले हर चीज पर काफी ध्यान दिया जाता है, अक्सर शूटिंग शुरू होते-होते स्टार कास्ट भी बदल जाती है. हालांकि एक-एक फैसले का असर बड़े पर्दे पर देखने को मिलता है. रणबीर कपूर की एक फिल्म के साथ भी 12 साल पहले कुछ ऐसा हुआ था. जिसका बॉक्स ऑफिस पर हाल बेहाल हुआ था. रणबीर की ये फ्लॉप फिल्म अपने कैमरे के पीछे की घटनाओं को लेकर खूब सुर्खियों में रही थी. अब 12 साल बाद फिल्म बेशरम के डायरेक्टर अभिनव कश्यप, जो हिट दबंग के निर्देशन के साथ-साथ अपने बेबाक विचारों के लिए भी जाने जाते हैं, उन्होंने बेशरम की कास्टिंग ड्रामा पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि कैसे रणबीर उस वक्त अपनी तब की गर्लफ्रेंड को फिल्म में लेना चाहते थे, लेकिन अंत में वह किरदार एक नई एक्ट्रेस की झोली में जा गिरा.

अपनी बेबाकी के लिए मशहूर, अभिनव कश्यप ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि बेशरम की कास्टिंग के दौरान उन्हें काफी दबाव का सामना करना पड़ा था. उनके मुताबिक, रणबीर कपूर ने अपनी तत्कालीन गर्लफ्रेंड, जिन्हें काफी समय से कटरीना कैफ माना जा रहा था, को लीड रोल में लेने के लिए दबाव डाला था. हालांकि, जब यह किरदार अंत में पल्लवी शारदा को मिली, तो इंडस्ट्री में अटकलों और अफवाहों का बाजार गर्म हो गया.

अभिनव कश्यप ने दबंग की शूटिंग के दौरान आए इसी तरह के दबाव को याद किया, जब उनसे कथित तौर पर सलमान खान के साथ कटरीना कैफ को लेने का आग्रह किया गया था. उन्होंने इस सुझाव का यह कहते हुए विरोध किया कि वह किरदार के लिए सही नहीं हैं. अभिनव कश्यप ने याद करते हुए कहा, "रणबीर ने बताया कि कटरीना फिल्म का हिस्सा बनने के लिए सही थीं और उन्होंने सुझाव दिया कि मैं इस किरदार के लिए उन पर विचार करूं.

उन्होंने आगे बताया, "कटरीना बिल्कुल भी सही नहीं थीं. मैं दिल्ली की एक पंजाबी लड़की की तलाश में था. उस समय, उनका हिंदी उच्चारण पूरी तरह से अच्छा नहीं था, जिसे छिपाना मुश्किल था. इसीलिए उस समय उनकी ज़्यादातर किरदार में उन्हें एक एनआरआई या विदेशी के रूप में लिया जाता था."

# तैरते-तैरते बेसुध हो गए थे जुबिन गर्ग



लोकप्रिय गायक ज़ुबिन गर्ग के निधन से देश भर में शोक है, खासकर असम में। बीते दिन यानी मंगलवार को एक्टर का अंतिम संस्कार किया गया है। राजकीय सम्मान के साथ उनकी आखिरी विदाई हुई जिसमें मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा शर्मा और किरेन रिजिजू भी शामिल हुए। परिवार और चाहने वालों ने अपने चहेते सिंगर को आखिरी सलाम पेश किया। इसी बीच सोशल मीडिया पर उनका एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वे सिंगापुर में अपने दोस्तों के साथ तैरने की कोशिश करते दिख रहे हैं। इस वीडियो में ज़ुबिन थके हुए और सांस लेने में मुश्किल महसूस करते हुए पानी में तैरने का संघर्ष करते नजर आ रहे हैं।

इससे पहले वायरल हुए एक वीडियो में ज़ुबीन को लाइफ जैकेट पहने क्रूज़ पार्टी के दौरान समुद्र में मस्ती करते देखा गया था। लेकिन इस नए वीडियो में वे बिना लाइफ जैकेट के पानी में तैरने की कोशिश कर रहे हैं और अंत में थकावट के कारण एक नाव की ओर बढ़ते हुए मदद लेते नजर आ रहे हैं। एक समय ऐसा भी आता है जब उनके लिए तैरना मुश्किल हो जाता है और वो पास पड़ी नाव का सहारा लेकर उलटे हो जाते हैं और हांफने लगते हैं। ऐसे में पास तैर रहे उनके दोस्त करीब आते हैं और उन्हें संभालते दिखते हैं।

हालांकि, ये वीडियो कब, कहां और किस वक्त लिया गया है, इसकी कोई सटीक जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में इंडिया टीवी इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। ये वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। असम के लोग ज़ुबिन के निधन पर गहरा दुख जता रहे हैं.

# वनडे टीम में एंट्री के करीब पहुंचे अभिषेक शर्मा

**नई दिल्ली.** टी20I के नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को अब वनडे फॉर्मेट में भी जल्द ही एंट्री मिल सकती है. एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ तूफानी पारी खेलने वाले अभिषेक शर्मा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में जगह मिल सकती है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सेलेक्शन कमेटी इस मामले में विचार कर रही है. टीम इंडिया की ओर से 21 टी20I मैच खेल चुके अभिषेक शर्मा एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं. इसी को देखते हुए टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर उनको वनडे टीम में मौका दे सकते हैं.



**ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मिल सकता है मौका**

रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे टीम में जगह मिल सकती है. भारत को ऑस्ट्रेलिया में तीन वनडे और उसके बाद 5 टी20I मैच खेलने हैं. वनडे सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस विस्फोटक बल्लेबाज ने छोटे फॉर्मेट में अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया है. इसकी वजह से टीम मैनेजमेंट उन्हें वनडे टीम में जगह दे सकता है. अभिषेक शर्मा इस समय एशिया कप 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में टॉप पर हैं. उन्होंने 4 मैचों में 173 रन ठोक चुके हैं. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 208.43 का है. अभिषेक शर्मा के इस शानदार प्रदर्शन की पीछे उनकी कड़ी मेहनत है.

**नेट्स पर घंटों प्रैक्टिस करते हैं अभिषेक शर्मा**

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी बल्लेबाजी को लेकर काफी गंभीर रहते हैं. इसकी वजह से वो नेट्स पर घंटों प्रैक्टिस करते हैं. उनका लिस्ट ए रिकॉर्ड भी काफी अच्छा है.

उन्होंने 61 मैचों में 35.33 की औसत और 99.21 के स्ट्राइक रेट से 2014 रन बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने 38 विकेट भी हासिल किए हैं. एशिया कप के सुपर-4 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अभिषेक शर्मा और उनके बचपन के दोस्त शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए केवल 9.5 ओवर में 105 रन जोड़े थे. इसकी वजह भारत ने आसानी से पाकिस्तान को हरा दिया था. अब सवाल ये है कि अगर अभिषेक को वनडे टीम में शामिल किया जाएगा तो कौन टीम से बाहर होगा?

**अब कौन होगा टीम से बाहर?**

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अगर अभिषेक शर्मा को वनडे टीम में शामिल किया जाता है तो उनकी टीम से किसे बाहर किया जाएगा? ये सवाल सबके मन में उठ रहा है. साल 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होने वाले अगले वनडे वर्ल्ड से पहले भारत को 27 वनडे मैच खेलने हैं. बड़े वनडे मैचों में शुभमन गिल सलामी बल्लेबाज के रूप में पहली पसंद हैं. अब अगर शुभमन गिल से साथ वनडे में अभिषेक शर्मा पारी की शुरुआत करते हैं तो रोहित शर्मा का क्या होगा? क्या कप्तान रोहित शर्मा का वनडे करियर खत्म हो जाएगा? दूसरा सवाल ये है कि यशस्वी जायसवाल का क्या होगा? जिन्होंने इस साल की शुरुआत में नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था. अभिषेक के टीम में शामिल होने के साथ सेलेक्टर्स तीन मैचों की सीरीज के लिए कितने सलामी बल्लेबाजों का सेलेक्शन करेंगे?

# अभिषेक शर्मा ने टी20 रैंकिंग में रचा इतिहास



**नई दिल्ली.** अभिषेक शर्मा ने आईसीसी की टी20 रैंकिंग में भी इतिहास रच दिया है. वो नंबर 1 पोजिशन पर तो बरकरार हैं ही लेकिन ये खिलाड़ी अब रेटिंग प्वाइंट में 900 अंकों के पार पहुंच गया है. अभिषेक शर्मा भारत के महज तीसरे बल्लेबाज हैं दो 900 रेटिंग प्वाइंट के पार पहुंचे हैं. टी20 इंटरनेशनल की बात करें तो सबसे ज्यादा रेटिंग प्वाइंट में नंबर 1 सूर्यकुमार यादव रहे हैं जिनके रेटिंग प्वाइंट 912 तक रहे. विराट कोहली टी20 इंटरनेशनल में 909 रेटिंग प्वाइंट लाने में कामयाब रहे थे और अब अभिषेक के रेटिंग प्वाइंट 907 तक पहुंच गए हैं. एशिया कप में दो अच्छी पारियां उन्हें इस मामले में नंबर 1 तक पहुंचा सकती है.

**अभिषेक शर्मा इस मामले में बने नंबर 1**

अभिषेक शर्मा आईसीसी टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग प्वाइंट वाले बाएं हाथ के भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. अभिषेक शर्मा अगर 13 रेटिंग प्वाइंट और बना लेते हैं तो वो क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रेटिंग प्वाइंट लाने वाले टी20 बल्लेबाज बन जाएंगे. इंग्लैंड के डेविड मलान ने साल 2020 में टी20 इंटरनेशनल में 919 रेटिंग प्वाइंट हासिल किये थे, अभिषेक 907 पर नाबाद हैं.

**अभिषेक शर्मा कमाल फॉर्म में**

अभिषेक शर्मा एशिया कप में कमाल फॉर्म में हैं. ये खिलाड़ी रनों के मामले में, छक्के लगाने के मामले में और स्ट्राइक रेट के मामले में टॉप पर चल रहा है. अभिषेक शर्मा ने 4 मैचों में सबसे ज्यादा 173 रन बनाए हैं. अभिषेक का स्ट्राइक रेट 208 से ज्यादा का है और वो अबतक 12 छक्के और 17 चौके लगा चुके हैं. अभिषेक अगर इसी फॉर्म में रहे तो उनके लिए टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रेटिंग प्वाइंट हासिल करने में काफी आसान रहेगा. टी20 रैंकिंग में टीम इंडिया और उसके खिलाड़ियों का जलवा है. भारतीय टीम टी20 में नंबर 1 है. अभिषेक शर्मा टी20 में नंबर 1 हैं और तिलक वर्मा नंबर 3 पर पहुंच गए हैं. गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती नंबर 1 बने हुए हैं. ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या नंबर 1 पोजिशन पर हैं.

# आईपीएल रिटायरमेंट के बाद अश्विन को बिग बैश लीग में मौका

**नई दिल्ली.** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से रिटायरमेंट लेने के बाद विदेशी टी20 लीग में अवसरों की तलाश शुरू कर दी. इस दौरान उन्हें एक बड़ी लीग में खेलने का मौका मिल गया है. उनको ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बिग बैश लीग की एक टीम में एंट्री मिल गई है. इस दौरान वो पाकिस्तान के खिलाड़ी के साथ खेलते हुए नजर आ सकते हैं. हाल ही में रविचंद्रन अश्विन को 7 से 9 नवंबर तक होने वाले हांगकांग सिक्सेस-2025 के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है.



**इस टीम से खेलेंगे अश्विन**

रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर ने अपनी टीम में शामिल किया है. इस टीम से पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान भी खेलते हैं. अब ये दोनों खिलाड़ी इस सीजन में एकसाथ खेलते हुए नजर आ सकते हैं. अश्विन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था. उन्होंने पिछले महीने आईपीएल से भी संन्यास ले लिया. इसके बाद ये खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अनुबंधित भारतीय क्रिकेटरों के लिए लगाए गए प्रतिबंधों से फ्री हो गए थे. अश्विन को नवंबर में होने वाले हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था. आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलने वाले अश्विन अब ऑस्ट्रेलिया में अपनी गेंदबाजी का जलवा बिखेरेंगे.

**अश्विन का आईपीएल में प्रदर्शन**

रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल के 221 मैचों में हिस्सा लिया था. इस दौरान उन्होंने 187 विकेट अपने नाम किए थे. इसके अलावा एक अर्धशतक की मदद से उन्होंने 833 रन भी बनाए. इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम इंडिया के इस ऑलराउंडर ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है. उन्होंने भारत की ओर से 106 टेस्ट मैच खेले हैं. इसमें उन्होंने 573 विकेट हासिल किये हैं. इसके अलावा उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 6 शतक ठोकते हुए 3503 रन भी बनाए हैं. वनडे में 116 मैचों में उनके नाम 156 विकेट दर्ज हैं. इस दौरान उन्होंने एक अर्धशतक की मदद से 707 रन भी ठोके हैं. 65 टी20I मैचों में उन्होंने 72 विकेट हासिल किये हैं.

# भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को दो बार हराया

**बावजूद इसके शाहीन अफरीदी ने दी धमकी**

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप में पाकिस्तान को दो बार हरा दिया है. पहली बार टीम इंडिया ने 7 विकेट से मैच जीता और दूसरी टक्कर में 6 विकेट से जीत दर्ज की इसके बावजूद पाकिस्तान की अकड़ खत्म नहीं हुई है. पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने दो मैच हारने के बाद भी भारत को हराने की धमकी दी है. शाहीन अफरीदी ने श्रीलंका के खिलाफ मैच जीतने के बाद कहा कि भारतीय टीम को वो एशिया कप के फाइनल में हरा देंगे. लेकिन हंसी की बात ये है कि पाकिस्तान खुद अब तक एशिया कप के फाइनल में नहीं पहुंचा है और वो भारत को देख लेने की धमकी दे रहे हैं.शाहीन अफरीदी ने श्रीलंका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया और इसके बाद उन्होंने ऐसी बात कही जो सच में हैरतअंगेज है. शाहीन ने कहा, 'टीम इंडिया अबतक फाइनल में नहीं पहुंची है. जो वो फाइनल में पहुंचेंगे तो हम उन्हें देख लेंगे. हम यहां फाइनल और एशिया कप जीतने आए हैं. जो भी टीम फाइनल पहुंचेगी हम उनके लिए तैयार हैं. हम उन्हें हरा देंगे.' बता दें शाहीन ने ये बयान सूर्यकुमार यादव के उस कमेंट पर दिया जिससे पाकिस्तान के फैंस और खिलाड़ी बौखलाए हुए हैं. सूर्यकुमार यादव ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई टक्कर ही नहीं हैं क्योंकि पड़ोसी मुल्क पिछले कुछ सालों में लगातार हार ही रहा है.



**पाकिस्तान खुद फाइनल में नहीं पहुंचा**

पाकिस्तान की टीम एशिया कप के सुपर 4 राउंड में एक मैच भारत से हारी है और श्रीलंका को उसने हराया है. अभी उसका एक मैच बाकी है जो उसे बांग्लादेश से खेलना है. अगर बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान को हरा देगी तो पाकिस्तानी टीम एशिया कप के फाइनल में पहुंच ही नहीं पाएगी. दूसरी ओर टीम इंडिया का फाइनल में पहुंचना लगभग पक्का है. अगर टीम इंडिया बांग्लादेश को हरा देती है तो उसकी फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी. अगर टीम इंडिया को हार भी मिली तो भी उसके पास श्रीलंका के खिलाफ खेलने का मौका होगा, जिसे जीतकर उसे फाइनल का टिकट मिलेगा.

# आईसीसी ने अमेरिका क्रिकेट बोर्ड को किया सस्पेंड

**नई दिल्ली.** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 23 सितंबर की देर रात अमेरिका क्रिकेट बोर्ड को सस्पेंड कर दिया है। लंबे समय से बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधारों की कमी को देखते हुए यह कड़ा कदम उठाया गया। आईसीसी की वर्चुअल बोर्ड मीटिंग में यह प्रस्ताव पास हुआ, जिससे अमेरिका क्रिकेट प्रशासन पर बड़ा सवाल उठ गया है। हालांकि, राहत की बात यह है कि अमेरिकी क्रिकेट टीम को 2026 के टी20 वर्ल्ड कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में हिस्सा लेने का मौका दिया जाएगा।

**सस्पेंशन का कारण**

आईसीसी ने अमेरिका क्रिकेट बोर्ड की गतिविधियों पर महीनों से नजर रखी थी। जून 2024 में सिंगापुर में हुई आईसीसी की वार्षिक बैठक में बोर्ड को तीन महीने का अल्टीमेटम दिया गया था ताकि वह प्रशासनिक खामियों को दूर करे। सुधार न होने के कारण आईसीसी को बोर्ड को सस्पेंड करने का फैसला लेना पड़ा। आईसीसी ने कहा कि यह निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन खेल के दीर्घकालिक हित में जरूरी था। साथ ही सुधारों की निगरानी के लिए एक विशेष समिति भी गठित की गई है।



**बोर्ड अध्यक्ष पर नाराजगी**

अमेरिका क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन वेणु पिसिके को पहले भी आईसीसी ने चेतावनी दी थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधारों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि जब तक बोर्ड गंभीर सुधार नहीं करता, तब तक अमेरिका क्रिकेट को भरोसेमंद सदस्य नहीं माना जाएगा। 2024 में अमेरिका ने वेस्टइंडीज के साथ मिलकर पहली बार टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी और टीम ने सुपर-8 तक का सफर तय कर शानदार प्रदर्शन किया था। इसी कारण आईसीसी ने टीम के प्रदर्शन पर प्रशासनिक सस्पेंशन का कोई असर नहीं पड़ने दिया है। अमेरिका टीम अब 2026 में भारत और श्रीलंका के संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी।

क्रिकेट को 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया गया है, जहां मेजबान देश होने के नाते अमेरिका को सीधे एंट्री मिलेगी। इससे अमेरिकी क्रिकेट को विश्व स्तर पर पहचान और घरेलू स्तर पर विकास का बड़ा अवसर मिलेगा। यूएसए ओलंपिक और पैरालंपिक समिति ने भी आईसीसी के फैसले का समर्थन किया है।

**भविष्य की उम्मीदें**

भले ही बोर्ड का सस्पेंशन अमेरिका क्रिकेट के लिए बड़ा झटका है, लेकिन यह सुधार का मौका भी है। आईसीसी की निगरानी में नई प्रशासनिक संरचना से अमेरिका में क्रिकेट का प्रबंधन मजबूत हो सकता है। यदि बोर्ड सुधारों को गंभीरता से लागू करता है, तो अमेरिका भविष्य में क्रिकेट की नई ताकत बन सकता है।

# श्रेयस अय्यर ने टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक



**नई दिल्ली.** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 अक्टूबर से होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए 24 सितंबर को टीम इंडिया का सिलेक्शन होना था. मगर इस सिलेक्शन मीटिंग से ठीक एक पहले टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने एक चौंकाने वाला फैसला लिया है. टेस्ट टीम में वापसी के दावेदार माने जा रहे अय्यर ने इस फॉर्मेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, अय्यर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को ईमेल के लिए जरिए लंबे फॉर्मेट (टेस्ट और घरेलू रेड बॉल क्रिकेट) से ब्रेक के अपने फैसले के बारे में बताया है. रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि अय्यर ने बीसीसीआई को ये ईमेल लिखा है और बताया है कि वो कुछ वक्त के लिए रेड बॉल क्रिकेट से आराम चाहते हैं. श्रेयस अय्यर ने अपने इस फैसले की वजह लंबे समय से चल रही पीठ के दर्द की परेशानी और थकान को बताया है और कहा है कि वो इससे पूरी तरह से उबरना चाहते हैं, जिसके चलते वो इस फॉर्मेट से ब्रेक ले रहे हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, अय्यर ने इसके बारे में सेलेक्टर्स को भी बताया, जिसके बाद उन्होंने बोर्ड को एक औपचारिक मेल के जरिए इसकी जानकारी दी. रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि 30 साल के स्टार बल्लेबाज ने सेलेक्टर्स को बताया कि वो पीठ की जकड़न से जूझ रहे हैं और इस वक्त उनका शरीर टेस्ट क्रिकेट या रेड बॉल क्रिकेट में पूरे 5 दिन का भार उठाने की स्थिति में नहीं है. रिपोर्ट के मुताबिक, अय्यर ने साफ कहा कि इस साल वो रणजी ट्रॉफी में खेल रहे थे क्योंकि 4 दिन के मुकाबलों के दौरान वो बीच-बीच में ब्रेक ले पा रहे थे लेकिन टेस्ट क्रिकेट या इंडिया-ए के लिए खेलते हुए वो ऐसा नहीं कर सकते. इसलिए जब तक उनका शरीर पूरी तरह से दोबारा टेस्ट क्रिकेट की चुनौतियों के लिए तैयार नहीं हो जाता, वो इससे दूर रहेंगे.अय्यर को हाल ही में इंडिया ए का कप्तान बनाया गया था, जो ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 2 अनौपचारिक टेस्ट मैच खेल रही है. सीरीज के पहले मैच में अय्यर ही कप्तान थे, जहां एक ही पारी में उनकी बैटिंग आई और वो सस्ते में आउट हो गए थे. मंगलवार 23 सितंबर से इस सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच शुरू हुआ था लेकिन उससे एक दिन पहले ही अय्यर के इस मैच से बाहर होने की रिपोर्ट्स आने लगी थीं. बताया जा रहा था कि अय्यर ने निजी कारणों से इस मैच से अपना नाम वापस लिया था. अब इस खुलासे से साफ हो गया है कि अय्यर ने क्यों दूसरे टेस्ट से अचानक अपना नाम वापस लिया.

मुंबई से आने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने टीम इंडिया के लिए 14 टेस्ट मैच खेले हैं और 37 की औसत से 811 रन बना चुके हैं. उनका पिछला टेस्ट मैच 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान आया था.

# ईशांत शर्मा ने बताया भारत का सबसे तगड़ा युवा बल्लेबाज़



**नई दिल्ली.** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने एक इंटरव्यू में बताया है कि भारत का सबसे तगड़ा युवा बल्लेबाज कौन है? ईशांत ने ना शुभमन गिल का नाम लिया और ना ही अभिषेक शर्मा का. उन्होंने उस खिलाड़ी को सबसे तगड़ा बल्लेबाज बता दिया जिसे सेलेक्टर्स ने एशिया कप की टीम में तक नहीं चुना. ईशांत शर्मा ने ये सम्मान यशस्वी जायसवाल को दिया है. ईशांत शर्मा के मुताबिक भारतीय टीम के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं जो कि मानसिक तौर पर काफी ज्यादा मजबूत हैं.ईशांत शर्मा ने यशस्वी की तारीफ करते हुए कहा. 'यशस्वी तगड़ा बल्लेबाज है. उसका बैकग्राउंड कैसा है. उसके अंदर वह मजबूती स्ट्रगल से ही आई है. खोना-पाना कुछ नहीं होता. आपके ऊपर पर्सनल परफॉरमेंस का प्रेशर होता है. कुछ था ही नहीं और वहाँ तक पहुँच गया. कुछ ना कुछ तो बात है ना.'

यशस्वी जायसवाल महज 23 साल के हैं और उन्होंने टेस्ट और टी20 फॉर्मेट में कमाल प्रदर्शन किया है. बाएँ हाथ के इस खिलाड़ी ने 24 टेस्ट में 50.20 की औसत से 2209 रन ठोके हैं. उनके नाम 6 शतक भी हैं. टी20 में उन्होंने 22 पारियों में 36.15 की औसत से 723 रन बनाए हैं.

उनका स्ट्राइक रेट भी 164 से ज्यादा का है. वह एक शतक और 5 अर्धशतक लगा चुके हैं. इतने कमाल आंकड़ों के बावजूद ये खिलाड़ी टी20 टीम से बाहर है. ये सच में बेहद हैरतअंगेज है.ईशांत शर्मा ने शुभमन गिल की भी तारीफ की. उन्होंने कहा कि शुभमन गिल इसलिए इतना निखर गए क्योंकि जिम्मेदारी उन्हें रास आई है. ईशांत बोले. 'जब से कप्तानी मिली है. जिम्मेदारी मिलती है वह और अच्छा बल्लेबाज बन गया है.

# टीम इंडिया की प्लेइंग-11 में संजू सैमसन को लेकर शोएब अखतर की बड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया ने एशिया कप 2025 में लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सामने आई हर टीम को ध्वस्त किया है. बैटिंग की बात हो या बॉलिंग का सवाल हो, टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में हर मुकाबले जीते. मगर इतने दमदार प्रदर्शन के बावजूद पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का मानना है कि भारतीय टीम में एक कमजोर कड़ी भी है और उस कड़ी की टीम इंडिया की प्लेइंग-11 में जगह नहीं बनती. अख्तर के हिसाब से टीम इंडिया की ये कमजोर कड़ी हैं विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन, जो हर मैच में प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे हैं. इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले संजू सैमसन टीम इंडिया के लिए एक साल से ओपनिंग कर रहे थे लेकिन एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शुभमन गिल को जगह मिलने के बाद सैमसन की जगह पर सवाल उठ रहे थे. हालांकि ऐसा हुआ नहीं



और उन्हें हर मैच में प्लेइंग-11 में जगह मिली. मगर उन्हें इसके लिए अपनी जगह से समझौता करना पड़ा और वो लगातार मिडिल ऑर्डर में खेल रहे हैं. हालांकि यहां उन्हें अभी तक ज्यादा सफलता नहीं मिली है और इसे देखते हुए ही अख्तर ने सैमसन को कमजोर कड़ी बता दिया.

पाकिस्तान के टीवी शो के दौरान अख्तर ने भारतीय टीम में सैमसन की जगह पर सवाल खड़े किए लेकिन इसके साथ ही उन्होंने केएल राहुल को बेहतर विकल्प बताकर चौंका दिया. अख्तर ने कहा, 'जरा सोचिए कि केएल राहुल इस टीम में नहीं हैं. संजू सैमसन की जगह केएल राहुल को खेलना चाहिए था. वो बड़े शॉट्स लगाते हैं और सही जगहों पर खेलते हैं. इसलिए संजू सैमसन टीम की कमजोर कड़ी हैं.

# योगी सरकार के जाति फैसले पर बड़ा विरोध

## सुप्रीम कोर्ट में होगी अपील

**लखनऊ.**

उत्तर प्रदेश में जातिवाद को समाप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है. इलाहाबाद हाईकोर्ट के 19 सितंबर के फैसले के बाद योगी आदित्यनाथ सरकार ने जाति आधारित सम्मेलनों, रैलियों और सार्वजनिक आयोजनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है. अब एफआईआर, पुलिस रिकॉर्ड्स, वाहनों और सार्वजनिक स्थलों पर जाति का कोई उल्लेख नहीं होगा. इस फैसले से जाति आधारित संगठनों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है. कुछ इसे सामाजिक संतुलन के खिलाफ बता रहे हैं, तो कुछ सुप्रीम कोर्ट जाने की धमकी दे रहे हैं.



दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस विनोद दिवाकर ने एक शराब तस्करी मामले में सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया, जहां आरोपी प्रवीण छेत्री ने FIR में अपनी जाति (भील) उल्लेख पर आपत्ति जताई थी. कोर्ट ने कहा कि जाति का उल्लेख संविधान की भावना के खिलाफ है और यह समाज में विभाजन फैलाता है. आधुनिक तकनीक के युग में पहचान के अन्य साधन उपलब्ध हैं. कोर्ट के निर्देश पर कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने 21-22 सितंबर को 10-सूत्री आदेश जारी किया, जिसमें जाति आधारित रैलियों पर रोक, सोशल मीडिया पर जातिगत कंटेंट पर आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई, वाहनों पर जातीय स्टिकर लगाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना और थानों के नोटिस बोर्ड से जातीय नारे हटाने का प्रावधान है. हालांकि एसटी/एसटी एक्ट जैसे मामलों में छूट रहेगी. सरकार के इस फैसले से जाति आधारित संगठनों में हड़कंप मच गया है. कई नेताओं ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया और आरक्षण पर सवाल उठाए. करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह ने इसे समाज की आवाज दबाने वाला फैसला बताया, बोले कि हम राष्ट्र के लिए समर्पित हैं. उन्होंने आगे कहा कि सरकार पहले एससी-एसटी आरक्षण समाप्त करे और आर्थिक आधार पर आरक्षण दे, उसके ये फैसला लागू करे.

## कैब ड्राइवरों ने बढ़ाया किराया, अब सरकारी दरों पर करेंगे चार्ज

**मुंबई.** मुंबई और अन्य शहरों में ओला, उबर और रैपिडो जैसी राइड-हेलिंग कंपनियों से जुड़े कैब ड्राइवरों ने मंगलवार से सरकारी नोटिफाइड किराया दरों के मुताबिक यात्रियों से शुल्क लेना शुरू कर दिया है. यह नया किराया पहले के मुकाबले काफी महंगा है और इस पर यात्रियों में नाराजगी भी देखी जा रही है.

भारतीय गिग कामगार मंच के अध्यक्ष डॉ. केशव नाना क्षीरसागर ने बताया कि कैब ड्राइवरों ने आधिकारिक किराया खुद लागू करने का फैसला किया, क्योंकि ऐप कंपनियां एमएमआरटीए द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं कर रही थीं.

क्षीरसागर के अनुसार, अब हैचबैक जैसे वागनआर के ड्राइवर 28 रुपये प्रति किलोमीटर, सिडान जैसे स्विफ्ट डिजायर के ड्राइवर 31 रुपये प्रति किलोमीटर और एसयूवी जैसे एर्टिगा के ड्राइवर 34 रुपये प्रति किलोमीटर चार्ज कर रहे हैं.

# किडनी झूठ साबित हो तो छोड़ दूंगी सार्वजनिक जीवन:रोहिणी आचार्य

**पटना.**



लालू यादव की बड़ी बेटी रोहिणी आचार्य का नाराजगी और चुनौती भरा पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मेरी खुली चुनौती है सभी गंदी सोच रखने वालों और ऐसे लोगों को शह दे रहे तमाम लोगों को कि "कोई अगर ये साबित कर दें कि मैंने अपने या किसी और के लिए भी कभी कुछ व् कोई मांग 'किसी' के पास रखी और अपने आदरणीय पिता को मेरे द्वारा अपनी किडनी दिया जाना झूठ है , तो राजनीतिक व् सार्वजनिक जीवन से खुद को अलग कर लूंगी.

रोहिणी ने कहा कि दोषारोपण करने वाले अगर अपना झूठ – दुष्प्रचार साबित नहीं कर सके , तो उनमें भी इतना साहस होना चाहिए कि वो सब के सब 'जिस किसी' के भी कहने पर ऐसा कर और कह रहे हैं उन्हें सार्वजनिक तौर पर मुझसे और देश की हर मां – बहन – बेटी से ये कहते हुए माफी मांगनी चाहिए. यादव परिवार की बेटी ने कहा कि भविष्य में वो कभी किसी मां- बहन – बेटी के बारे में कोई अपमानजनक और झूठी बात नहीं कहेंगे और फैलाएंगे. रोहिणी ने सोशल मीडिया पर एक पुराना वीडियो रीपोस्ट किया, जिसमें वो मुस्कुराते हुए ऑपरेशन के लिए जा रही हैं. उन्होंने मास्क पहन रखा है और स्ट्रेचर पर लेटी हुई हैं. पुरानी पोस्ट पर उन्होंने लिखा है, 'जो जान हथेली पर रखते हुए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने का जज्बा रखते हैं , बेखौफी – बेबाकी – खुद्दारी तो उनके लहू में बहती है.'

हाल ही में रोहिणी ने यादव परिवार के सभी लोगों को सोशल मीडिया से अनफॉलो कर दिया था, जिसको लेकर भी कई तरह की बातें की जा रही थीं. उनकी फॉलोइंग लिस्ट में न तो लालू यादव परिवार का कोई सदस्य है और न ही पार्टी का कोई कार्यकर्ता. अब वो सिर्फ तीन लोगों को फॉलो करती हैं.


# डोनाल्ड ट्रंप क्यों उठा रहे हैं शरिया कानून का मुद्दा?

**वाशिंगटन.**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर लंदन के मेयर सादिक खान पर निशाना साधा.

ट्रंप ने दावा किया कि लंदन शरिया कानून लागू करने की ओर बढ़ रहा है. शरिया कानून इस्लाम का धार्मिक कानून है, जो कुरान और हदीस पर आधारित है. यूएन में अपनी स्पीच के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने लंदन के मेयर सादिक खान पर एक बार फिर तीखा हमला बोला.

उन्होंने कहा, मैं लंदन को देखता हूं, जहां आपके पास एक भयानक मेयर है, बहुत ही भयानक मेयर और शहर पूरी तरह बदल गया है. अब वो शरीयत कानून लाना चाहते हैं. लेकिन, आप एक अलग देश में हैं, ऐसा नहीं



कर सकते.

ट्रंप की टिप्पणी को लेकर मेयर सादिक खान के प्रवक्ता ने जवाब दिया, उन्होंने ट्रंप की टिप्पणी को खारिज कर दिया. साथ ही उन्हें पक्षपाती बताया.

बयान में आगे कहा गया, लंदन दुनिया का सबसे महान शहर है, प्रमुख अमेरिकी शहरों की तुलना में ज्यादा सुरक्षित है, हम यहां आने वाले रिकॉर्ड संख्या में अमेरिकी नागरिकों का स्वागत करके बहुत खुश हैं.

डोनाल्ड ट्रंप और लंदन के मेयर सादिक खान के बीच विवाद काफी लंबा है. ट्रंप 2015 से ही सादिक खान पर बार-बार निशाना साध रहे हैं. साल 2015 में डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव अभियान में अमेरिका से मुसलमानों पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया था.

उनके इस वादे की सादिक खान ने लंदन के मेयर पद के लिए चुनाव लड़ते समय "अपमानजनक" कहकर आलोचना की थी. यहीं से दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ था.

हाल ही में यूके के दौरे के दौरान ट्रंप ने सादिख खान पर निशाना साधा था. उन्होंने सादिक खान को दुनिया के सबसे खराब मेयरों में से एक बताया था. साथ ही दावा किया था कि उन्होंने उन्हें आधिकारिक कार्यक्रमों से बाहर रखने की मांग की थी. साथ ही यह भी अपील की थी कि विंडसर कैसल में आयोजित शाही भोज में आमंत्रित न किया जाए. हालांकि, सादिक खान इस शाही डिनर में शामिल नहीं हुए थे. उन्होंने कहा कि वो उनके पास ज्यादा अहम काम हैं जिनकी चिंता उन्हें करनी है.

ट्रंप के बयान को सुनने के बाद अब समझ लेते हैं कि आखिर ट्रंप यह बात कर क्यों रहे हैं. साल 2021 के आंकड़ों के मुताबिक लंदन में करीब 13 लाख मुसलमान रहते हैं, जो शहर की कुल जनसंख्या का 15% है. बीबीसी वेरिफाई के अनुसार, ट्रंप का दावा बेबुनियाद है. यूके में शरिया काउंसिलें मौजूद जरूर हैं. 2009 तक लगभग 85 शरिया काउंसिल हैं. लेकिन, इनके निर्णय कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते हैं. ये काउंसिलें आमतौर पर मुस्लिम समुदायों में धार्मिक मामलों जैसे विवाह और वित्तीय विवादों को सुलझाती हैं.

# छेड़खानी के आरोप के बाद चैतन्यानंद सरस्वती फरार

## >छात्राओं को देता था धमकी

**नई दिल्ली.**

ललाट पर चंदन का लेप, शरीर पर गेरुआ वस्त्र, आंखों पर सफेद चश्मा और गले में रुद्राक्ष की माला... देखने में बिल्कुल एक संत की छवि... दिल्ली के वसंत कुंज के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट एंड रिसर्च की छात्राएं उसे श्रद्धा से 'स्वामी जी' कहकर बुलाती थीं.

लेकिन अब वही चैतन्यानंद सरस्वती गंभीर आरोपों के घेरे में है. संस्थान की 17 छात्राओं ने उस पर यौन शोषण और मानसिक उत्पीड़न जैसे वाले आरोप लगाए हैं, जिसने सबको हिला कर रख दिया है.

पीड़ित छात्राओं के मुताबिक, सभी छात्राएं ईडब्ल्यूएस श्रेणी



(आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) से आती हैं. ऐसे में उनके लिए इस तरह के उत्पीड़न का विरोध करना और भी मुश्किल था.

चैतन्यानंद सरस्वती की पकड़ और संस्थान में उसका प्रभाव इतना गहरा था कि छात्राएं डरकर चुप रह जाती थीं. श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट एंड रिसर्च में वह खुद को साधु-संत के रूप में प्रस्तुत करता रहा, दूसरी ओर सालों से लगातार छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और शोषण करता रहा.

एसआरआईएसईआईएम की पीड़ित छात्राओं के मोबाइल से बाबा के अश्लील चैट्स भी मिले हैं. चैट्स में जिक्र है—मेरे कमरे में आ जाओ, तुम्हें विदेश ट्रिप पर ले जाऊंगा, तुम्हें कोई खर्चा नहीं करना होगा. पीड़ित छात्राओं का आरोप है कि अगर कोई लड़की उसकी बात नहीं मानती थी तो वह उसे परीक्षा में फेल करने की धमकी देता था. पुलिस को यह भी पता चला है कि चैतन्यानंद ने अपना नाम बदलकर पार्थ रख लिया था, ताकि पहचान छिपाई जा सके.

**वार्डन छात्राओं को धमकाती थीं :** जांच में यह भी सामने आया कि संस्थान की तीन महिला वार्डन बाबा की मदद करती थीं. ये वार्डन छात्राओं को धमकाकर उनकी मोबाइल चैट्स डिलीट करवाती थीं, ताकि कोई सबूत न बचे.

पुलिस ने इन तीनों महिलाओं के बयान दर्ज कर लिए हैं और उनसे पूछताछ भी हुई है. एक अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने बाबा चैतन्यानंद की कार से कई फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं. उसकी वॉल्वो कार किसी और के नाम से रजिस्टर्ड पाई गई है.

# जिनपिंग सरकार की खून की बड़ी योजना!

## > पुरुषों से मांगा जा रहा खून

**बीजिंग.**

चीन में पुरुषों से खून के नमूने मांगे जा रहे हैं. चीन के उत्तर में स्थित जिलिनहोत शहर की पुलिस ने घोषणा की कि वे सभी पुरुष निवासियों से अनिवार्य रूप से खून के नमूने लेकर एक बड़ा डीएनए डेटाबेस बनाएंगे. पुलिस के नोटिस में कहा गया कि यह कदम सार्वजनिक सुरक्षा मजबूत करने और नागरिकों की जानकारी को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है.

मगर इस कदम ने चीन में कानून और प्राइवेसी पर बहस छेड़ दी है. जानकार कह रहे हैं कि चीन में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ यौर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी कोई मिसाल नहीं है. आइए जानते हैं कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आखिर प्लानिंग क्या है?

जानकारी के मुताबिक खून के नमूने सीधे पासपोर्ट, राष्ट्रीय पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों से जुड़े होंगे. अधिकारियों के अनुसार, यह प्रणाली गुमशुदा लोगों को ढूंढने और पहचान सत्यापित करने में भी मदद करेगी. चीन के पर्सनल इन्फॉर्मेशन



प्रोटेक्शन लॉ के तहत डीएनए जैसे संवेदनशील जानकारी इकट्ठा करने के लिए लिखित अनुमति और साफ जरूरत होनी चाहिए. लेकिन जिलिनहोत नोटिस में यह नहीं बताया गया कि डेटा कब तक रखा जाएगा या लोगों के अधिकार क्या होंगे.

इस कार्यक्रम का केवल पुरुषों पर ध्यान देना संकेत करता है कि पुलिस वाय-एसटीआर टेस्टिंग कर सकती है, जो पिता की लाइन और पूरे परिवार को जांच में शामिल कर सकती है. यह केवल अपराधी जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार और अगली पीढ़ियों तक निगरानी फैलाता है.

विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि बड़े पैमाने पर पुरुषों के डीएनए डेटा से सैन्य और जैविक हथियारों के लिए जोखिम बढ़ सकता है। वाय-क्रोमोजोम डेटा स्थिर होता है और इसे लक्षित जैविक हथियार बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है.

# 'आई लव मोहम्मद' लिखना कैसे गैरकानूनी

## >उमर अब्दुल्ला ने पूछा सवाल

**जम्मू.**

कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को पैगंबर मोहम्मद के प्रति प्रेम व्यक्त करने के अधिकार का जोरदार बचाव किया और सवाल उठाया कि कैसे तीन साधारण शब्दों 'आई लव मोहम्मद' को गैरकानूनी माना जा सकता है। उन्होंने अदालतों से इस पर तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया। यह विवाद 9 सितंबर को शुरू हुआ, जब कानपुर पुलिस ने 4 सितंबर को बारावफात के जुलूस के दौरान सार्वजनिक सड़क पर कथित तौर पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे पोस्टर लगाने के आरोप में नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। हिंदू संगठनों ने इस पर आपत्ति




जताते हुए इसे नया चलन बताया और दावा किया कि यह जानबूझकर उकसाने वाला कदम है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा सोशल मीडिया पर यह पोस्ट करने के बाद कि आई लव मोहम्मद कहना कोई अपराध नहीं है, इस मुद्दे ने राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इन तीन शब्दों पर मुकदमा दायर करने का मतलब जरूर कोई मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि अदालतें इसे जल्द से जल्द ठीक करें और पूछा कि 'आई लव मोहम्मद' लिखना कैसे गैरकानूनी हो सकता है।

उन्होंने कहा, "किसी को इसे लिखने पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए? इन तीन शब्दों से किसे आपत्ति हो सकती है? मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि इन तीन शब्दों को लिखने पर गिरफ्तारी कैसे हो सकती है। इन तीन शब्दों पर मुकदमा दायर करने का मतलब जरूर कोई मानसिक रूप से अस्वस्थ है। मैं चाहता हूं कि अदालतें इसे जल्द से जल्द ठीक करें। 'आई लव मुहम्मद' लिखना कैसे गैरकानूनी है?" अब्दुल्ला ने कहा कि भले ही यह किसी खास धर्म से जुड़ा हो, 'आई लव मुहम्मद' लिखना कोई मुद्दा नहीं होना चाहिए, क्योंकि दूसरे धर्मों के लोग भी अपने गुरुओं या देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं।

बता दें कि यूपी के कानपुर में आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगाने के बाद एफआईआर दर्ज होने से विवाद पैदा हो गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कई राज्यों में इस तरह के पोस्टर लगाए। उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान आदि राज्यों में भी ऐसे मामले सामने आए हैं। इस बीच, यूपी के बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के नेता नफीस का एक विवादास्पद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह घटना उस समय की है जब यहां किला थाना क्षेत्र में 'आई लव मोहम्मद' लिखे पोस्टर हटा दिए गए। वीडियो में नफीस किला थाने के प्रभारी (एसएचओ) सुभाष कुमार को कथित तौर पर धमकाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो पोस्टर हटाने के लिए मौके पर पहुंचे थे। कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में लगे 'आई लव मोहम्मद' लिखे पोस्टर हटवाने पहुंचे।

# नॉर्मल डिलीवरी से जन्मीं 4 बेटियां

## > पहले से भी हैं 4 बच्चे

**पटना.**



बिहार के पूर्णिया में एक महिला ने चार बच्चियों को जन्म दिया है. बायसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की टीम ने सुरक्षित डिलीवरी कराई है. महिला का नाम बीबी हसेरून है, जिसकी उम्र 24 साल है. इससे पहले उसके चार बच्चे (दो बेटे और दो बेटियां) थे. अब कुल मिलाकर उसके आठ बच्चे हो गए हैं. घरवालों के मुताबिक, बीबी हसेरून को समय से पहले डिलीवरी पेन होने पर आशा कार्यकर्ता की मदद से उसे बायसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. अस्पताल पहुंचने पर मौजूद डॉक्टरों और नर्सों ने उसका अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखा, जिसमें तीन बच्चों का जिक्र था. रिपोर्ट देखकर डॉक्टर और नर्स भी हैरान रह गए, क्योंकि एक साथ तीन बच्चों का जन्म होना भी बेहद दुर्लभ माना जाता है.

अस्पताल की एएनएम और नर्सिंग स्टाफ ने महिला को सफल प्रसव के लिए मानसिक रूप से तैयार किया. उन्हें भरोसा दिलाया गया कि डिलीवरी सामान्य तरीके से होगी. टीम के लगातार काउंसलिंग के बाद महिला की घबराहट काफी हद तक कम हो गई.लेकिन थोड़ी ही देर बाद महिला के पेट में फिर हलचल महसूस हुई. जांच करने पर पता चला कि गर्भ में एक और बच्ची मौजूद है, जबकि अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में इसका कोई उल्लेख नहीं था. इसके बाद नर्सों और डॉक्टरों की टीम ने अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए चौथी बच्ची का भी सुरक्षित और सामान्य प्रसव कराया. डिलीवरी के बाद डॉक्टरों ने मां और चारों बच्चियों की जांच की. सभी को स्वस्थ पाया गया. इस खबर के फैलते ही अस्पताल में स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. लोग बच्चियों की एक झलक पाने के लिए उत्साहित दिखाई दिए. महिला के पति कैसर आलम ने बताया कि उनकी पत्नी बीबी हसेरून की उम्र मात्र 24 साल है. पहले से ही उनके दो बेटे और दो बेटियां हैं. अब एक साथ चार बेटियों के जन्म से उनके कुल आठ बच्चे हो गए हैं.

# पनडुब्बियों का शिकार करेगा 'अंद्रोत', नौसेना की बड़ी तैयारी

**नई दिल्ली.**

भारतीय नौसेना को 6 अक्टूबर 2025 को एक और ताकतवर जहाज मिलने जा रहा है. इसी दिन विशाखापट्टनम के नौसैनिक अड्डे पर अंद्रोत नाम का नया युद्धपोत नौसेना में शामिल किया जाएगा. यह एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट सीरीज़ का दूसरा जहाज होगा. इस मौके पर पूर्वी नौसैन्य कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल राजेश पेंढरकर मौजूद रहेंगे.अंद्रोत को कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने तैयार किया है. इसमें 80% से ज्यादा पुर्ज़े भारत में बने हैं. यह आत्मनिर्भर भारत का एक अच्छा उदाहरण है. इस जहाज का नाम लक्षद्वीप के अंद्रोत द्वीप पर रखा गया है. इससे पहले भी आईएनएस अंद्रोत (पि69) नाम का जहाज नौसेना में था, जिसने 27 साल तक देश की सेवा की. नया अंद्रोत उसी परंपरा को आगे बढ़ाएगा. इस जहाज में आधुनिक हथियार और सेंसर लगे हैं. यह दुश्मन की पनडुब्बियों को पकड़ सकता है और नष्ट कर सकता है. साथ ही यह समुद्री निगरानी, तटीय सुरक्षा, खोज और बचाव अभियान जैसे काम भी करेगा. अंद्रोत के आने से भारतीय नौसेना की ताकत और बढ़ जाएगी. यह देश की समुद्री सीमाओं को और मज़बूती देगा और दिखाएगा कि भारत अब अपने युद्धपोत खुद बनाने में सक्षम है. इससे पहले 8 मई को अर्नाला सौंप गया था. अर्नाला पहला पोत है.

# जुबिन गर्ग की अस्थियां ऑनलाइन बांटने का फैसला

**गुवाहाटी.**

असम सरकार ने कहा है कि जाने-माने गायक जुबिन गर्ग की अस्थियां ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से संगठनों और व्यक्तियों को दी जाएंगी। राज्य के शिक्षा मंत्री रनोज पेगू ने यह जानकारी दी। पेगू ने कहा कि गुवाहाटी के बाहरी इलाके कमरकुची में उस क्षेत्र को सुरक्षित करने का काम मंगलवार रात से ही शुरू हो गया, जहां दिन में उनकी चिता जलाई गई थी, जबकि स्मारक परिसर के लिए सीमांकन और चारदीवारी का काम भी जल्द ही शुरू होगा।

52 वर्षीय गायक जुबिन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में डूबने से मौत हो गई थी। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को कमरकुची में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पिछले कुछ दिनों में लाखों लोगों ने गायक-संगीतकार को श्रद्धांजलि दी है।

कमरकुची स्मारक स्थल पर



पत्रकारों से बात करते हुए पेगू ने कहा, "असम सरकार एक सरल पोर्टल खोलेगी, जिसके माध्यम से संगठन और संस्थाएं अपने प्रिय कलाकार की अस्थियां प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकेंगी। सांस्कृतिक विभाग इसकी देखरेख करेगा।'' वरिष्ठ मंत्री ने कहा, ''संगठनों को अस्थियां देने के बाद यदि अस्थियां बचती हैं और व्यक्तिगत आवेदक भी हैं, तो विभाग उस पर गौर करेगा।'

पेगू ने कहा कि, जैसा कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने घोषणा की थी, अस्थियों का एक हिस्सा जोरहाट ले जाया जाएगा, जहां से गर्ग का अंतिम संस्कार उस पूर्वी शहर में करने की मांग की गई थी, जहां उन्होंने अपने जीवन के प्रारंभिक वर्ष बिताये थे। उन्होंने कहा, "मृत्यु के तेरहवें दिन से जुड़े अनुष्ठान जोरहाट में किए जाएंगे। वहां एक स्मारक भी बनाया जाएगा, जिसके लिए स्थल का चयन जल्द ही किया जाएगा।

# उत्तर कोरिया में फैला त्वचा रोग

## >चीन से आया नया वायरस?

**बीजिंग.**

पूरी दुनिया में चीन से साल 2019 में कोविड-19 फैला था. चीन से शुरू हुई इस बीमारी की मार पूरी दुनिया ने झेली. इसी के बाद अब नॉर्थ कोरिया ने दावा किया है कि चीन से निकली एक और बीमारी देश में फैल रही है. नॉर्थ कोरिया में एक स्किन डिजीज फैल रही है जोकि देश के लिए मुसीबत बनती जा रही है. इस बीच नॉर्थ कोरिया का मानना है कि यह बीमारी चीन से शुरू हुई.




नॉर्थ कोरिया में अफवाहें फैल रही हैं कि चीन के ल्याओनिंग प्रांत में भी इसी तरह की स्किन डिजीज की घटनाएं हुई थीं, जिसके चलते वहां एहतियाती वैक्सीनेशन कराया गया था. नॉर्थ प्योंगान प्रांत में फैल रही इस बीमारी को दुर्लभ त्वचा रोग या दुर्लभ सोरायसिस त्वचा रोग कहा जा रहा है.

अभी बीमारी प्रांत में सिर्फ 3 इलाकों में फैली है. लेकिन, इन जगहों के अलावा भी सभी शहरों और जिलों में जांच की जा रही है. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि अस्पताल और क्लीनिक मरीजों के इलाज और देखभाल में पूरी तरह सक्रिय रहें. स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को खास टीमों में बांटकर पूरे प्रांत में भेजा गया है ताकि बीमारी के कारण क्या है, यह किस वजह से फैल रही है. इसकी पहचान की जा सके. साथ ही इसको फैलने से रोका जा सके.

इसी बीच, प्रांत ने जिन शहरों में इस बीमारी के केस मिले हैं. वहां पर एंट्री को सख्त बना दिया है. ऐसा इसीलिए किया गया है जिससे बाकी शहरों में भी यह बीमारी न फैले. उत्तर कोरिया के लोग व्यापक रूप से मानते हैं कि यह बीमारी चीन से आई है. लोगों का कहना है कि यह बीमारी उत्तर कोरिया से पैदा नहीं हो सकती.

### क्या है बीमारी?

नॉर्थ कोरिया के नॉर्थ प्योंगान प्रांत के कुछ हिस्सों में स्किन डिजीज फैल गया है. इस बीमारी में स्किन पर सफेद धब्बे, खुजली और पस निकलना शामिल है. इस महीने की शुरुआत से जोंगजू शहर और साक्जू, चांगसोंग और योम्जू काउंटियों में तेजी से यह बीमारी फैल रही है. इसके चलते आपातकालीन क्वारंटीन और इलाज की व्यवस्था शुरू कर दी गई है. केंद्रीय समिति और सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रभावित शहरों और काउंटियों में तुरंत बीमारी को लेकर पेशेंट सर्वे करने का आदेश दिया और अस्पतालों को इस बीमारी से निपटने के लिए जुटने को कहा ताकि इसको पूरे देश में फैलने से रोका जा सके.